फाल्गुन कृष्णा - 30 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 19 ▪ अंक - 225 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- बेंगलूरु » रविवार » 10-03-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



5 पहले की सरकारें राम भक्तों पर लाठियां बरसाती थी : योगी आदित्यनाथ

6 मेजर राजीव कुमारः आतंकवादियों के मंसूबों को किया विफल, घेरकर किया ढेर

7 बाइडन की नेतन्याहू के प्रति नाराजगी बढ़ी, कहा दो टूक बातचीत की जरूरत






## फर्स्ट टेक

### चुनाव आयुक्त गोयल ने इस्तीफा दिया

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में चुनाव आयुक्त अरुण गोयल ने लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले शनिवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गोयल का इस्तीफा तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया है। यह जानकारी विधि एवं न्याय मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी कर दी है। गोयल के अचानक पद से इस्तीफा देने से तीन सदस्यीय चुनाव आयोग में अब केवल मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ही रह गए हैं। गोयल के इस्तीफा देने से पहले ही आयोग में चुनाव आयुक्त का एक पद खाली था।

### हैती में राष्ट्रपति भवन समेत सरकारी ठिकानों पर हमला

**पोर्ट-ऑ-प्रिंस/एजेन्सी।** हैती में आपराधिक गिरोहों ने देश की राजधानी पोर्ट-ऑ-प्रिंस में राष्ट्रपति भवन, गृह मंत्रालय और पुलिस मुख्यालय सहित कई सरकारी इमारतों पर हमला किया है। एबीसी न्यूज प्रसारक ने शनिवार को यह जानकारी कानून प्रवर्तन सूत्रों के हवाले से दी। सूत्रों के मुताबकि शुक्रवार शाम कई अलग-अलग आपराधिक समूहों ने राष्ट्रपति भवन सहित कई सरकारी कार्यालयों पर हमले किए। पुलिस और आपराधिक गिरोह की झड़प में कम से कम 12 हमलावर मारे गए। समाचार प्रसारक ने कहा कि हैती के नागरिकों ने भारी गोलीबारी और विस्फोट की गूंज सुनी। आपराधिक गिरोहों और पुलिस के बीच हिंसक झड़पों के कारण सैकड़ों लोगों को अपने क्षेत्र से भागने को मजबूर होना पड़ा।

### यमन में हूती जहाज-रोधी मिसाइलों पर हमला

**वाशिंगटन/एजेन्सी।** अमेरिका ने यमन में अंसार अल्लाह आंदोलन (हूती) की जहाज-रोधी मिसाइलों पर हमला किया। यह जानकारी अमेरिकी केंद्रीय कमान (सेंटकॉम) ने एक्स पर अपने पोस्ट में दी। पोस्ट में कहा गया कि सेंटकॉम ने यमन के हूती नियंत्रित इलाकों में ईरान समर्थित दो हूती आतंकवादियों की ट्रक पर सवार जहाज-रोधी मिसाइलों पर हमला किया।

| | |
|---|---|
| सूर्यास्त 10-03-2024 6:29 बजे | सूर्योदय 11-03-2024 6:29 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 74,119.39 | 22,493.55 |
| (+33.40) | (+19.50) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 6,599 रु. | 74,175 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

# हमने पूर्वोत्तर में पांच साल में जो किया, उसे करने में कांग्रेस को 20 साल लगते : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**ईटानगर/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को दावा किया कि उनकी सरकार ने पिछले पांच साल में पूर्वोत्तर भारत में जिस तरह का विकास कार्य किया है, उसे करने में कांग्रेस को 20 साल लग जाते।

प्रधानमंत्री ने अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर में एक जनसभा में कहा, दक्षिण एशिया और पूर्वी एशिया के साथ भारत के व्यापार, पर्यटन और अन्य संबंधों में पूर्वोत्तर एक मजबूत कड़ी बनेगा। आज यहां 55,000 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया गया। उन्होंने कहा, हमने पूर्वोत्तर में पिछले पांच साल में जो किया है, उसे करने में कांग्रेस को 20 साल लग जाते।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश आने वाला कोई भी व्यक्ति स्पष्ट रूप से देख सकता है कि ''मोदी की गारंटी'' क्या है। उन्होंने कहा, पूरा पूर्वोत्तर देख रहा है कि मोदी की गारंटी कैसे काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब वह देश के विकास के लिए काम कर रहे हैं, तब विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के नेता उन पर ''हमला कर'' रहे हैं।

मोदी ने उनके परिवार को लेकर सवाल उठा रहे विपक्षी नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि पूरा पूर्वोत्तर और पूरा देश उनका परिवार है। मोदी ने कहा, विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए देश के हर परिवार को स्वच्छ पेयजल, घर, गैस कनेक्शन, बिजली और इंटरनेट की सुविधा सुनिश्चित करना मेरी प्राथमिकताएं होंगी।

## सेला सुरंग का किया उद्घाटन



**ईटानगर/नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अरुणाचल प्रदेश में 13,000 फुट की ऊंचाई पर निर्मित सेला सुरंग का शनिवार को उद्घाटन किया। यह सामरिक रूप से महत्वपूर्ण तवांग तक पूरे साल संपर्क मुहैया करेगी और इसके जरिये सीमांत क्षेत्र में सैनिकों की सुगमता से आवाजाही सुनिश्चित होने की उम्मीद है।

असम के तेजपुर को अरुणाचल प्रदेश के पश्चिम कामेंग जिले से जोड़ने वाली सड़क पर 825 करोड़ रुपए की लागत से बनी इस सुरंग को इतनी ऊंचाई पर दुनिया की सबसे लंबी 'दोहरी लेन' वाली सड़क सुरंग माना जा रहा है।



## वाराणसी पहुंचे प्रधानमंत्री ने काशी विश्वनाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना

**वाराणसी (उप्र)/भाषा।** वाराणसी संसदीय क्षेत्र से तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का उम्मीदवार बनाये जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पहली बार काशी पहुंचे।

यहां बाबतपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री हवाई अड्डे पर पहुंचने पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत भाजपा के कई प्रमुख नेताओं ने उनका स्वागत किया।

मोदी बाबतपुर हवाई अड्डे से सड़क मार्ग से करीब 28 किलोमीटर के रोडशो के जरिये सीधे श्री काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचे और दर्शन पूजन किया।

प्रधानमंत्री के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ भी मौजूद थे। मोदी मंदिर में मुख्य द्वार से ही अंदर तक हाथ जोड़े गये और इस दौरान उनके पीछे आदित्यनाथ चल रहे थे। मंदिर में पुजारियों ने मंत्रोच्चार के बीच पूजा अर्चना करायी।



## वायुसेना के शहीद पायलट की पत्नी सेना में अधिकारी बनीं

**चेन्नई/भाषा।** तमिलनाडु के नीलगिरि में हुए एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में भारत के पहले प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत के साथ शहीद हुए भारतीय वायुसेना के एक पायलट की पत्नी और 'सिविल इंजीनियरिंग' की पढ़ाई करने वाली किसान परिवार की एक बेटी उन सैकड़ों कैडेट में शामिल हैं, जो यहां 'अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी'(ओटीए) में कठिन प्रशिक्षण पूरा करने के बाद शनिवार को भारतीय सेना के अधिकारी बने। एक सैनिक की बेटी यशविनी ढाका ने 2017 में भारतीय वायुसेना के वर्कहॉर्स एमआई-17वी5 बहु उद्देशीय हेलीकॉप्टर के पायलट स्क्वाड्रन लीडर कुलदीप सिंह से शादी की थी, लेकिन किस्मत को कुछ और मंजूर था। शादी के चार साल बाद आठ दिसंबर 2021 को कुलदीप सिंह की नीलगिरि की पहाड़ी में सीडीएस जनरल बिपिन रावत और अन्य लोगों के साथ हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मृत्यु हो गई। इस त्रासदी ने यश्विनी का जीवन बदल दिया और उन्होंने सेना में शामिल होने का फैसला किया।

## अकेले लोकसभा चुनाव लड़ेगी बसपा : मायावती



**नई दिल्ली/एजेन्सी।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने आगामी लोकसभा चुनाव में किसी भी राजनीतिक दल के साथ गठबंधन करने की अटकलों को खारिज करते हुए शनिवार को कहा कि बसपा अपने दम पर अकेले चुनाव लड़ेगी। सुश्री मायावती ने सोशल मीडिया पर जारी एक पोस्ट में कहा कि बसपा के संबंध में गठबंधन को लेकर गलतफहमी और गलत जानकारियां फैलाई जा रही है। उन्होंने आम जनता से इस संबंध में सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि पार्टी का अकेले चुनाव लड़ने का फैसला अटल है। उन्होंने कहा, बहुजन समाज के हित में बसपा का अकेले चुनाव लड़ने का फैसला अटल है। सुश्री मायावती ने कहा कि बसपा देश में लोकसभा का आमचुनाव अकेले अपने बलबूते पर पूरी तैयारी और दमदारी के साथ लड़ रही है।

## 'किसान और गांव के विकास बिना भारत के विकास की कल्पना नहीं की जा सकती'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**रायपुर/भाषा।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि किसान और गांव के विकास बगैर भारत के विकास की कल्पना नहीं की जा सकती है।

सिंह आज छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के 'साइंस' कॉलेज मैदान में किसान महाकुंभ में आए किसानों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अपने संबोधन में राज्य की पिछली कांग्रेस सरकार पर भी भ्रष्टाचार में लिप्त होने और विकास को पटरी से उतारने का भी आरोप लगाया। सिंह ने कहा, मैं एक किसान का बेटा हूं और गांव से हूं। किसान अपनी मेहनत से मिट्टी से सोना उगा सकते हैं। मेरी सरकार किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाला केंद्र किसानों के कल्याण के लिए कई कदम उठा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों और गांवों के विकास के बिना भारत के विकास की कल्पना नहीं की जा सकती।

सिंह ने कहा, अमेरिका में यूरिया उर्वरक का एक बोरी तीन हजार रुपए में उपलब्ध है.. भारत एकमात्र ऐसा देश है जहां किसानों को तीन सौ रुपए प्रति बोरी के दर पर यूरिया उपलब्ध कराया जा रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण महंगाई बढ़ी लेकिन मोदी सरकार ने बीज और खाद के दाम नहीं बढ़ने दिए। हम किसी भी कीमत पर किसानों की परेशानी नहीं बढ़ने देंगे। छत्तीसगढ़ की पिछली भूपेश बघेल सरकार पर निशाना साधते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता सिंह ने कहा, कांग्रेस शासन ने पांच वर्षों में राज्य को बर्बाद कर दिया और अब मेरा दृढ़ विश्वास है कि विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार लोगों के समर्थन से राज्य को विकास की पटरी पर वापस लाएगी।




## मध्य प्रदेश के सचिवालय भवन में आग लगी

**भोपाल/भाषा।** मध्य प्रदेश राज्य सचिवालय की बहुमंजिला इमारत 'वल्लभ भवन' की तीसरी मंजिल पर शनिवार सुबह आग लग गई। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है और पांच घंटे बाद आग पर काबू पा लिया गया। सेना, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और पुलिस अग्निशमन कर्मी आग बुझाने के अभियान में नगर निगम अग्निशमन दल के साथ शामिल हुए। सूत्रों ने बताया कि शनिवार होने के कारण अंदर के सरकारी कार्यालय बंद थे और सुबह करीब साढ़े नौ बजे जब आग लगी तो परिसर लगभग खाली था। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अधिकारियों को भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया।



चेक गणराज्य की क्रिस्टीना पिस्जकोवा ने शनिवार को मुंबई में एक भव्य कार्यक्रम में प्रतिष्ठित 'मिस वर्ल्ड 2024' का खिताब जीता।

## पाकिस्तान के 14वें राष्ट्रपति चुने गए आसिफ अली जरदारी



**इस्लामाबाद/लाहौर/भाषा।** पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के सह-अध्यक्ष आसिफ अली जरदारी शनिवार को देश के 14वें राष्ट्रपति चुने गए। जरदारी(68) पीपीपी और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के संयुक्त उम्मीदवार थे, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी महमूद खान अचकजई सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल के प्रत्याशी थे। जरदारी को 255 वोट मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी को 119 वोट मिले। जरदारी दूसरी बार राष्ट्रपति चुने गए हैं। इससे पहले वह 2008 से 2013 तक राष्ट्रपति रहे। जरदारी दूसरी बार राष्ट्रपति चुने जाने वाले पहले असैन्य व्यक्ति हैं।

# मुझे और मेरे परिवार को मारने की धमकी दी : यूट्यूबर एल्विश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**गुरुग्राम (हरियाणा)/भाषा।** यूट्यूबर एल्विश यादव और उनके कुछ साथियों के खिलाफ दिल्ली के एक 'कंटेंट क्रिएटर' के साथ यहां सेक्टर-53 के एक मॉल में मारपीट करने के आरोप में मुकदमा दर्ज होने के एक दिन बाद शनिवार को यादव ने दावा किया कि 'कंटेंट क्रिएटर' ने उन्हें और उनके परिवार को जिंदा जलाने की धमकी दी थी।

घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित हुआ है, जिसमें एल्विश को कथित तौर पर मारपीट करते देखा जा सकता है। दिल्ली निवासी शिकायतकर्ता सागर ठाकुर ने दावा किया कि यादव ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी है। ठाकुर एक 'कंटेंट क्रिएटर' हैं, जिनके यूट्यूब पर 16 लाख से अधिक सब्सक्राइबर हैं, इंस्टाग्राम पर 8,90,000 फॉलोअर्स और 'एक्स' पर 2,50,000 फॉलोअर्स हैं।

यादव ने कहा कि यह घटना ''पूर्व नियोजित'' थी क्योंकि शिकायतकर्ता सागर ठाकुर ने बैठक के स्थान पर छिपे हुए माइक्रोफोन और कैमरे लगाए हुए थे।

पुलिस के मुताबिक, ठाकुर की शिकायत के आधार पर शुक्रवार शाम को सेक्टर-53 थाने में यादव और अन्य के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 147 (बलवा), धारा 149 (गैरकानूनी रूप से एकत्र होना), धारा 323 (चोट पहुंचाना), धारा 506 (आपराधिक धमकी) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई।

यादव ने शनिवार को 'एक्स' पर एक वीडियो साझा कर मॉल में हुई घटना के लिए अपनी सफाई पेश की।

रियलिटी शो 'बिग बॉस ओटीटी' विजेता एल्विश यादव ने कहा कि ''कहानी के दूसरे पक्ष'' को साझा करना महत्वपूर्ण है और उन्होंने लोगों से वीडियो को अंत तक देखने का आग्रह किया।

यादव ने कहा कि वह पहले एक शूटिंग के लिए ठाकुर से मिले थे और बिग बॉस में भाग लेने तक दोनों के बीच अच्छे संबंध थे। उन्होंने कहा कि रियलिटी शो में शामिल होने के बाद ठाकुर पिछले आठ महीनों से उनके बारे में नकारात्मक पोस्ट साझा करके उन्हें परेशान कर रहे हैं।



## प्रधानमंत्री मोदी ने असम के काजीरंगा में सफारी का लुत्फ उठाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**काजीरंगा (असम)/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार सुबह असम के काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान एवं बाघ अभयारण्य में हाथी की सवारी की और जीप सफारी का आनंद लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

संयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) द्वारा घोषित विश्व धरोहर स्थल की अपनी पहली यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने उद्यान में दो घंटे बिताए। इस दौरान मोदी ने संरक्षण के प्रयासों में अग्रणी महिला वन रक्षकों की टीम 'वन दुर्गा' की सदस्यों, महावतों और वन अधिकारियों से बातचीत की।

मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, काजीरंगा गैंडों के लिए जाना जाता है, लेकिन यहां बड़ी संख्या में हाथी और कई अन्य प्रजातियां भी हैं। प्रधानमंत्री ने सबसे पहले उद्यान के मध्य कोहोरा रेंज के मिहिमुख क्षेत्र में हाथी की सवारी की।

## मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com




कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### न्यायिक पारदर्शिता

न्यायिक घेरे के भीतर,
यदि न्यायालय होगा।
तब ही सही फैसले लेना,
सचमुच तय होगा।
हो सकता ना कोई निरंकुश,
सत्य विजय होगा।
ऐसा लोकतंत्र दुनिया में,
कभी न क्षय होगा।।

## सहज स्मृति योग



व्यक्ति के मन में जो आध्यात्मिक प्रश्न उठते हैं उनका इस स्तंभ में समाधान प्रस्तुत करने का काम कर रहे हैं गुरुजी श्री नंदकिशोर तिवारी। व्यक्ति की पृष्ठभूमि चाहे किसी भी मत, सम्प्रदाय, मज़हब से हो, सहज स्मृति योग का सरोकार मनुष्य के मात्र आत्मवान होने से है। इसलिए सहज स्मृति योग का ध्यान केवल जिज्ञासु के समाधान पर रहता है। आप भी अपनी जिज्ञासाएं guruji@darpanfoundation.com पर ईमेल या व्हाटस अप (9902912396) द्वारा भेज सकते हैं।

**प्रश्न:** गुरुजी, आपने अस्मिता (आइडेंटिटी) और अहंकार का अंतर बताते हुए कहा था कि यथार्थ अस्मिता का स्वेच्छा से चुनाव कर उसे क्रमशः हर सांस, फिर धड़कन और फिर चित्त में जीवन व्यवहार के माध्यम से उतार लेने पर अहंकार शमित बना रहता है और अहंकार के स्थान पर रियल आइडेंटिटी से प्रेम, करुणा, आह्लाद, लीला आदिक भाव प्रकट होने लगते हैं। क्या व्यक्ति के अपनी यथार्थ अस्मिता से अनभिज्ञ बने रहने पर अन्य किसी भी अस्मिता के धारण करने पर भी ऐसा नहीं हो सकता?

**उत्तर:** यथार्थ अस्मिता (रियल आइडेंटिटिटी) के अतिरिक्त अन्य कोई भी अस्मिता हो, वह अहंकार का ही कोई न कोई रूप लेकर प्रकट होगी न ? इसलिए उसमें ये भाव प्रकट हो तो सकते हैं और होते ही हैं, जैसे माँ के ममत्व में, प्रतिबद्ध-दाम्पत्य में, सत्य-मित्रत्व में, पिता के त्याग में, भगनित्व में, भ्रातृत्व में्। इन सभी में प्रेम, करुणा, आह्लाद आदिक सब भाव हम सब अनुभव करते ही हैं किंतु इन सब सांसारिक संबंधों में पृष्ठभूमि में अहंकार की छाया विद्यमान रहती है जो कभी भी ज्वालामुखी की तरह सतह पर आ जाती है और यथार्थ अस्मिता (रियल आइडेंटिटिटी) तो स्वयं ही पृष्ठभूमि है इसलिए उसमें कम से कम एक ओर से ऐसी कोई संभावना ही असंभव है।



# 'हर महिला को हमेशा अपग्रेड एवं अपडेट रहना चाहिए'

## आरआर नगर में मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के तेरापंथ महिला मंडल आरआर नगर द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्ष सुमन पटावरी ने सभी का स्वागत किया और महिला जागरण व नारी शक्ति के विचारों से सभी महिलाओं को प्रेरित किया।

मोटिवेशन स्पीकर रक्षा मांडोत का परिचय पूनम दुगड ने दिया। रक्षा मांडोत ने बताया कि शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य हर महिला के लिए जरूरी है। हर महिला को अपने आप को हमेशा अपग्रेड एवं अपडेट होना चाहिए। हर महिला अपने अंदर के जुनून से, जिंदादिली से जी सकती है। मंडल की सदस्याओं द्वारा नारी शक्ति पर आधारित नाटक की प्रस्तुति दी। नुक्कड़ नाटिका की संयोजिका रुचिका पटावरी के साथ प्रिया छाजेड़, मणि चौरडिया, सुधा नौलखा, कविता सुराणा, पूनम दुगड, सुधा दुगड,शारदा बैद, सपना तातेड, दीपाली गोलछा एवं मधु कटारिया ने सहयोग किया। सदस्याओं ने जयन्ना सर्कल एवं मैसूर रोड पर इस सुंदर नुक्कड नाटिका की प्रस्तुति दी। संयोजिका मधु कटारिया ने संचालन किया। महिला दिवस के उपलक्ष्य में प्रतिष्ठित प्रेरणा सम्मान डॉ डिम्पल सेठिया को दिया गया। प्रेरणा सम्मान पत्र का वाचन सहमंत्री वंदना भंसाली ने किया। डॉ डिम्पल सेठिया ने अपने विचार रखते हुए कहा कि एक महिला के उत्थान में दूसरी महिला का सशक्त सहयोग होना बहुत आवश्यक है। मंत्री पदमा महेर ने धन्यवाद दिया।

# आरएंडडी को बढ़ावा देते हैं आईपीआर कानून : वित्त मंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



नई दिल्ली/भाषा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) कानून से देश में अनुसंधान और विकास को तेजी से बढ़ावा मिला है।

उन्होंने कहा, हम आईपीआर कानूनों को सुविधा तथा प्रोत्साहन देने वाला बनाने की कोशिश कर रहे हैं, और निश्चित रूप से ये कानून अनुसंधान एवं विकास की प्रक्रिया में बाधा नहीं है। हमने कई कदम उठाए हैं और मैं इस विशेष नीति के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद देता हूं।

उन्होंने कहा कि इस नीति को 2016 में काफी विचार-विमर्श के बाद लाया गया। वित्त मंत्री ने पेटेंट कानून पर न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह की पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में कहा कि जो लोग नवाचार करना चाहते हैं, उन्हें यह कानून सुरक्षा देता है।

सीतारमण ने कानून का विवरण साझा करते हुए कहा कि आठ अलग-अलग वस्तुएं, जिनका बौद्धिक संपदा से कुछ संबंध हैं, उन सभी को एक छतरी के नीचे एक साथ लाया गया है।

उन्होंने कहा कि बौद्धिक संपदा अधिकारों पर नीति प्रबंधन से जुड़ी हर चीज अब एक ढांचे के तहत है। इनमें पेटेंट ट्रेडमार्क, औद्योगिक डिजाइन, कॉपीराइट, भौगोलिक संकेतक, सेमीकंडक्टर एकीकृत सर्किट लेआउट डिजाइन और व्यावसायिक राज शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह कानूनी ढांचा बौद्धिक संपदा अधिकारों के व्यापार-संबंधी पहलुओं (ट्रिप्स) के अनुरूप है।

उन्होंने कहा कि आईपीआर में पेटेंट संरक्षण के साथ ही विकास संबंधी चिंताओं के बीच संतुलन बनाने की कोशिश की गई है। पेटेंट कराने को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में सीतारमण ने कहा कि सरकार ने स्टार्टअप, एमएसएमई और शिक्षा संस्थानों के लिए शुल्क कम कर दिया है।



# हमारे जीवन के हर पल में प्रभु तीर्थंकर की झलक है : आचार्य महेन्द्रसागरसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

विजयनगर। शहर से हरपनहल्ली की ओर विहाररत आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरीजी ने एक स्कूल में अपने प्रवास के दौरान कहा कि जीवन का ऐसा कोई पहलू नहीं है जहाँ हमारे अवतारी एवं तारक तीर्थंकर प्रेरणा न देते हो। हमारी ऐसी कोई भावना नहीं जिसमें सर्वज्ञ तीर्थंकर की झलक न मिले। हम प्रभु तीर्थंकरों को अपने जीवन में हर पल जीते है और उनके बताए मार्ग पर आगे बढ़ते हैं। जीवन में सफलता के लिए रंग-रूप कद कोई मायने नहीं रखता अगर मन में ठान लिया जाए तो तमाम बाधाओं को पार किया जा सकता है बस इसके लिए अपनी मेहनत, निष्ठा व लगन अति आवश्यक है ।

# लोकसभा चुनाव के तुरंत बाद जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव कराया जाना चाहिए : आजाद



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**अंतनाग (जम्मू-कश्मीर)/भाषा।** डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) के प्रमुख गुलाम नबी आजाद ने शनिवार को कहा कि लोकसभा चुनाव के तुरंत बाद जम्मू-कश्मीर विधानसभा का चुनाव कराया जाना चाहिए क्योंकि केंद्र शासित प्रदेश के लोग और लंबा इंतजार नहीं कर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर के राज्य का दर्जा बहाल किया जाना चाहिए। दक्षिण कश्मीर के अंतनाग जिले के छत्तरगुल में एक जनसभा को संबोधित करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में आजाद ने कहा, हम वर्षों से विधानसभा चुनाव का इंतजार कर रहे हैं। हमें उम्मीद है कि संसदीय चुनाव के तुरंत बाद (विधानसभा) चुनाव होंगे। मेरा मानना है कि जम्मू-कश्मीर के लोग अब और इंतजार नहीं कर सकते हैं।

जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने हालांकि, स्पष्ट किया कि निर्वाचन आयोग के अधिकारियों का इलाके का आगामी दौरा 'नियमित' प्रक्रिया है। उन्होंने कहा, राज्यों का दौरा करना निर्वाचन आयोग का काम है। यह पहली बार नहीं है कि वे यहां आ रहे हैं। किसी राज्य में निर्वाचन आयोग महीनों पहले से ही चुनाव की तैयारी शुरू कर देता है। यह नियमित कवायद है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने आशा जताई कि जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल किया जाएगा।

## जातिगत गणना, आर्थिक मैपिंग' के आधार पर आरक्षण की 50% की सीमा खत्म करेंगे: राहुल



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि अगर आगामी लोकसभा चुनाव के बाद उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो जातिगत जनगणना के साथ 'आर्थिक मैपिंग' कराई जाएगी जिसके आधार पर आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा को खत्म किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कदम सही आरक्षण, हक और हिस्सेदारी दिलाएगा।

राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, क्या हमने कभी सोचा है कि गरीब कौन हैं? कितने हैं और किस स्थिति में हैं? क्या इन सभी की गिनती जरूरी नहीं?'' उन्होंने कहा कि बिहार में हुई जातिगत गिनती से पता चला कि गरीब आबादी के 88 प्रतिशत लोग दलित, आदिवासी, पिछड़े और अल्पसंख्यक समाज से आते हैं। कांग्रेस नेता ने कहा, बिहार से आए आंकड़े देश की असली तस्वीर की एक छोटी सी झलक मात्र हैं, हमें अंदाजा तक नहीं है कि देश की गरीब आबादी किस हाल में जी रही है। उन्होंने कहा, इसीलिए हम दो ऐतिहासिक कदम उठाने जा रहे हैं- जातिगत गिनती, आर्थिक मैपिंग, जिसके आधार पर हम 50% की आरक्षण सीमा को खत्म करेंगे। राहुल ने कहा, यह कदम देश का एक्स-रे कर सभी को सही आरक्षण, हक और हिस्सेदारी दिलाएगा। इससे न सिर्फ गरीब के लिए सही नीतियां और योजनाएं बनाई जा सकेंगी बल्कि उन्हें पढ़ाई, कमाई और दवाई के संघर्ष से उबार कर विकास की मुख्य धारा से जोड़ा भी जा सकेगा। कांग्रेस नेता ने पोस्ट में लोगों से आह्वान किया, इसलिए उठो, जागो और अपनी आवाज उठाओ, जातिगत गिनती तुम्हारा हक है और यही तुम्हें मुश्किलों के अंधेरों से निकाल कर उजालों की ओर ले जाएगी। गिनती करो हमारा नारा है, क्योंकि गिनती 'न्याय की पहली सीढ़ी' है।



# घरेलू गैस की कीमतों में राजग-संप्रग के दौरान अंतर पर पुरी का कटाक्ष- 'तब गैस थी कहां'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** तेल मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को विपक्षी कांग्रेस के इस बयान पर पलटवार किया कि उसकी सरकार में प्रति सिलेंडर रसोई गैस की कीमत 399-414 रुपए थी, जबकि भाजपा सरकार में सामान्य ग्राहकों को 803 रुपए और उज्ज्वला लाभार्थियों को 503 रुपए में एलपीजी गैस का सिलेंडर मिल रहा है। पुरी ने कहा कि संप्रग सरकार के तहत गैस की उपलब्धता बहुत कम थी और सब्सिडी अपात्रों के पास चली गई थी।

सरकार ने शुक्रवार को रसोई गैस एलपीजी की कीमत में प्रति 14.2 किलोग्राम सिलेंडर 100 रुपए की कटौती की थी। इसके अगले दिन पुरी ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि कैसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार ने रसोई गैस के प्रसार को दोगुना कर 32.5 करोड़ घरों में एलपीजी सिलेंडर पहुंचा दिया। इसमें उज्ज्वला योजना के तहत 10.3 करोड़ गरीब महिलाओं को मिले मुफ्त कनेक्शन शामिल हैं। पुरी ने कहा कि जब 2020 और 2023 के बीच अंतरराष्ट्रीय तेल की कीमतें बढ़ीं तो सरकार ने दरें कम कीं। उन्होंने कहा कि ताजा कटौती के बाद राष्ट्रीय राजधानी में कीमतें 803 रुपए प्रति 14.2 किलोग्राम सिलेंडर पर आ गईं हैं। उज्ज्वला लाभार्थियों को प्रति सिलेंडर 300 रुपए की सब्सिडी दी जाती है। उन्होंने कहा, एलपीजी सिलेंडर (कांग्रेस शासन के दौरान) एक दुर्लभ वस्तु थी और आपको इसे पाने के लिए इधर-उधर भागना पड़ता था और आपको सिफारिश की जरूरत पड़ती थी।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



**सम्मान**

बेंगलूरु प्रवास पर आई झुंझुनू निवासी सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता अंजना शर्मा का शनिवार को बेंगलूरु गौड़ ब्राह्मण संघ द्वारा संघ कार्यालय में उनका सम्मान किया गया। संघ के अध्यक्ष चुन्नीलाल नाथोलिया, सचिव अनिल शर्मा, महेश शर्मा, मुकेश शर्मा ने अंजना शर्मा से मुलाकात कर उनके योगदान की सराहना की तथा संघ की ओर से सम्मान किया। अंजना शर्मा ने अपने सम्मान के लिए सभी को धन्यवाद दिया।

## नमाज अदा करते लोगों को 'लात' मारने की घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया: ओवैसी



**हैदराबाद/भाषा।** उत्तरी दिल्ली में सड़क पर नमाज अदा कर रहे कुछ लोगों को दिल्ली पुलिस के एक उपनिरीक्षक द्वारा 'लात' मारने की कथित घटना की निंदा करते हुए ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने शनिवार को कहा कि इस घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया है।

यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए हैदराबाद के सांसद ने कहा, हमने वीडियो देखा। इससे साफ पता चलता है कि मुसलमानों के खिलाफ किस तरह नफरत पैदा की गई है और उस पुलिसकर्मी के मन में मुसलमानों के खिलाफ कितनी नफरत है। दिल्ली पुलिस के एक उपनिरीक्षक द्वारा शुक्रवार को उत्तरी दिल्ली के इंद्रलोक इलाके में सड़क पर नमाज अदा कर रहे कुछ लोगों को धक्का देने और 'लात' मारने की घटना को लेकर सैकड़ों स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद आरोपी उपनिरीक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

# 'भाजपा विपक्षी दलों की सरकार गिराकर 'विनाश' का मॉडल अपना रही है'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार 'विकास' के मॉडल पर काम कर रही है जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विपक्षी दलों को खत्म कर तथा उनकी सरकारों को गिराकर 'विनाश' का मॉडल अपना रही है।

हाल ही में 'आप' सरकार द्वारा विधानसभा में पेश किए गए 2024-25 बजट पर सदन को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा कि यह इतना अच्छा बजट है कि लोग अब कह रहे हैं कि आप-कांग्रेस गठबंधन दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीटें जीतेगा। केजरीवाल ने कहा कि बजट में घोषित 'मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना' के तहत परिवार की प्रत्येक महिला को एक हजार रुपए दिए जाएंगे। केजरीवाल ने पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को भी याद किया, जो वर्तमान में आबकारी नीति से संबंधित मामले में जेल में बंद हैं। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि अगले साल वह (सिसोदिया) विधानसभा में बजट पेश करेंगे। केजरीवाल ने समाज के हर वर्ग का ख्याल रखने वाला 'शानदार' बजट पेश करने के लिए वित्त मंत्री आतिशी की भी सराहना की। मुख्यमंत्री ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी मई 2014 में भारी जनादेश के साथ केंद्र में सत्ता में आई थी लेकिन उसने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) का इस्तेमाल कर विपक्षी दलों को निशाना बनाकर 'विनाश' का मॉडल अपनाया।

केजरीवाल ने भाजपा पर दिल्ली सरकार को गिराने के लिए उनकी पार्टी के विधायकों को तोड़ने और उनकी सरकार द्वारा किए जा रहे अच्छे कार्यों को रोकने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी दावा किया कि भाजपा, आम आदमी पार्टी को खत्म करना चाहती है और उन्हें जेल भेजने की योजना बनाई जा रही है।

## लोस चुनाव के लिए महायुति गठबंधन पर सकारात्मक बातचीत हुई : फडणवीस



**नागपुर/भाषा।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने शनिवार को कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए महायुति गठबंधन को लेकर दिल्ली में सकारात्मक चर्चा हुई और 80 प्रतिशत मुद्दे सुलझा लिए गए हैं।

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को महाराष्ट्र में गठबंधन के सहयोगी दल शिवसेना के प्रमुख एकनाथ शिंदे और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष अजित पवार के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत की थी। इस बैठक में फडणवीस भी मौजूद थे। महायुति गठबंधन में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), शिवसेना और राकांपा शामिल हैं। फडणवीस ने यहां संवाददाताओं से कहा, शुक्रवार की बैठक में बहुत ही सकारात्मक चर्चा हुई। मैं यह कह सकता हूं कि हमारे 80 फीसदी मुद्दे सुलझ चुके हैं और बाकी 20 फीसदी मुद्दों पर बातचीत जारी है। और मेरा मानना है कि बाकी मुद्दे भी सुलझा लिए जाएंगे और एक बेहतर गठजोड़ बनेगा। शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना, अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा, और भाजपा महाराष्ट्र में गठबंधन में लोकसभा चुनाव लड़ेंगी। महाराष्ट्र में लोकसभा की कुल 48 सीट है। भाजपा ने 2019 के लोकसभा चुनावों में जिन 25 सीट पर चुनाव लड़ा था, उनमें से 23 पर जीत हासिल की थी और उसकी तत्कालीन गठबंधन सहयोगी अविभाजित शिवसेना ने जिन 23 सीट पर चुनाव लड़ा था, उनमें से 18 पर जीत दर्ज की थी।

# नागपुर में भाजपा के एक कार्यक्रम में भगदड़, एक महिला की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नागपुर/भाषा।** महाराष्ट्र के नागपुर शहर में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में भगदड़ मचने से 65 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई और चार अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। कोतवाली थाने के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना सुबह करीब साढ़े 10 बजे रेश्मिबाग के कविवर्य सुरेश भट्ट सभागार में भाजपा की नागपुर इकाई द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में हुई। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में महाराष्ट्र भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड में पंजीकृत श्रमिकों को बर्तन और अन्य जरूरी वस्तुएं वितरित की जानी थीं।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
बेंगलूरु क्लासीफाइड
उपलब्ध
DNR Highline @ Okalipuram
near LULU Mall Rajajinagar
3 & 4 BHK FLATS
with 7 Star Luxurious Amenities.
Only Few Flats available for Sale.
for details
Contact Owner: 9844027560

# दिग्गज कांग्रेस नेता सुरेश पचौरी, पूर्व सांसद गजेंद्र राजूखेड़ी भाजपा में शामिल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**भोपाल/भाषा।** मध्य प्रदेश में एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम में, दिग्गज नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी ने कांग्रेस के साथ पांच दशक के अपने जुड़ाव को अलविदा कह दिया और शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए। पचौरी, पूर्व सांसद गजेंद्र राजूखेड़ी और कांग्रेस के कई पूर्व विधायक सुबह भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष वी डी शर्मा और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए।

यह कदम मध्य प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के लिए एक बड़ा झटका है क्योंकि पार्टी छोड़ने वाले उसके सदस्यों की संख्या बढ़ती जा रही है। गांधी परिवार के करीबी माने जाने वाले 71 वर्षीय पचौरी केंद्रीय रक्षा उत्पादन राज्य मंत्री भी रह चुके हैं। वह कांग्रेस के चार बार राज्यसभा सदस्य भी रहे हैं। भाजपा में शामिल होने के बाद पचौरी ने कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा कि वह पहले जातिविहीन और वर्गविहीन समाज की बात करती थी लेकिन अब वह देश को जाति के आधार पर बांट रही है। उन्होंने कहा, कांग्रेस अब जाति विभाजन की बात कर रही है, जिसके चलते देश में जातीय संघर्ष बढ़ गया है।

राम मंदिर उद्घाटन को अस्वीकार करने के पार्टी के कदम का अप्रत्यक्ष तौर पर जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, ...लेकिन अब वे जाति के बारे में बात कर रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में (कांग्रेस द्वारा लिए गए) राजनीतिक और धार्मिक फैसलों ने मुझे असहज कर दिया है। पचौरी ने कांग्रेस से भाजपा में जाने के अपने फैसले के पक्ष में कहा, मैंने रक्षा मंत्रालय में काम किया है। (पहले) सेना की बहादुरी के बारे में कभी सवाल नहीं उठाए गए। कभी भी 'सबूत' प्रदान करने की बात नहीं की गई (जैसा कि 'सर्जिकल स्ट्राइक' के संबंध में कांग्रेस नेताओं ने मांग की थी)। पचौरी के अलावा, कांग्रेस के पूर्व विधायक संजय शुक्ला (इंदौर-एक), अर्जुन पलिया (पिपरिया), विशाल पटेल (देपालपुर- जिला इंदौर) ने भी सत्तारूढ़ दल (भाजपा) का दामन थाम लिया। भाजपा में शामिल होने के पचौरी के फैसले की पूर्व मुख्यमंत्री चौहान ने प्रशंसा की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की सेवा करने के लिए अनुभवी नेता की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। चौहान ने कहा, पचौरी जी बिना किसी शर्त भाजपा में शामिल हुए। जब पचौरी जी से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि कांग्रेस अप्रासंगिक हो गई है और उसके पास नेतृत्व तथा नीति नहीं है। वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की सेवा करना चाहते हैं। प्रमुख आदिवासी नेता राजूखेड़ी 1998, 1999 और 2009 में कांग्रेस के टिकट पर धार (अनुसूचित जनजाति) लोकसभा सीट से सांसद चुने जा चुके हैं। कांग्रेस में शामिल होने से पहले 1990 में वह भाजपा विधायक भी रहे।

# मराठा समुदाय को आरक्षण के झूठे वादों पर भरोसा नहीं करना चाहिए: राज ठाकरे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नासिक/भाषा।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के प्रमुख राज ठाकरे ने कहा कि उन्होंने आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे को बोला था कि मराठा समुदाय के लिए आरक्षण तकनीकी रूप से संभव नहीं होगा और समुदाय को झूठे वादों के झांसे में नहीं आना चाहिए। पार्टी के 18वें स्थापना दिवस के मौके पर कार्यक्रम में ठाकरे ने कहा कि अगर एक समुदाय को सरकारी नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण मिलता है तो सभी समुदाय भी ऐसी ही मांग करेंगे। जब मैं जरांगे से मिला तो मैंने उनसे कहा था कि मराठा समुदाय को आरक्षण देना तकनीकी रूप से संभव नहीं होगा। इसके लिए लोकसभा की मंजूरी जरूरी है। यह मुद्दा केवल मराठों का नहीं है, बल्कि हर राज्य के समुदायों का है। अगर एक समुदाय को आरक्षण मिलेगा तो सभी समुदाय इसी तरह की मांग करेंगे। मैं मराठा भाइयों से अनुरोध करता हूं कि वे झूठे वादों के झांसे में न आएं।




# बम विस्फोट के आठ दिन बाद फिर खुला रामेश्वरम कैफे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर का लोकप्रिय रेस्तरां रामेश्वरम कैफे विस्फोट के आठ दिन बाद शनिवार को खुला और अपने निष्ठावान ग्राहकों की सेवा में जुट गया। ब्रुकफील्ड क्षेत्र में स्थित इस कैफे में एक मार्च को कम तीव्रता का एक विस्फोट हुआ था, जिसमें 10 लोग घायल हुए थे। उनमें ग्राहक और कैफे के कर्मी शामिल थे। इस कैफे को शुक्रवार को महाशिवरात्रि के मौके पर कड़ी सुरक्षा के बीच फिर खोला गया था। यहां सुरक्षा इसलिए सख्त की गयी है, ताकि भविष्य में कोई अप्रिय घटना न हो। वैसे आम जनता की खातिर इसे आज से खोला गया। प्रशासन के मुताबिक, ग्राहकों की जांच के लिए कैफे के प्रवेश द्वार पर मेटल डिटेक्टर लगाए गए हैं। कैफे के कर्मचारी ग्राहकों को प्रवेश देने से पहले उनकी डिटेक्टर के जरिये जांच करेंगे। सभी ग्राहकों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी और कर्मचारी संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखेंगे। शनिवार सुबह रामेश्वरम कैफे के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) राघवेंद्र राव ने ग्राहकों का स्वागत करने से पहले अपने कर्मियों के साथ राष्ट्रगान गाया। ग्राहकों को कैफे में प्रवेश करने के लिए मेटल डिटेक्टर के जरिये जांच से गुजरना पड़ा।

ग्राहकों को कैफे के अंदर कतार में खड़े होकर ऑर्डर देते हुए देखा गया। सुबह आठ बजे तक कैफे में सामान्य कामकाज बहाल हो गया था और वह पहले की तरह अपने ग्राहकों की सेवा में जुट गया। राव ने संवाददाताओं से कहा, हमने अपनी सुरक्षा टीम को मजबूत किया है और हम पूर्व सैनिकों का एक अलग पैनल गठित करने का प्रयास कर रहे हैं, जो हमारी सभी शाखाओं में सुरक्षागार्ड को प्रशिक्षण देंगे। शुक्रवार को जब ब्रुकफील्ड स्थित इस कैफे को खोला गया था, तो वहां पूजा की गयी थी। इस अवसर पर उसे फूलों से अच्छी तरह सजाया गया था। पूरे दिन पुलिस वहां तैनात रही। एक मार्च को हुए विस्फोट के बाद पुलिस जांच के मद्देनजर कैफे को घेर दिया गया था।

# जल संकट से वैश्विक मंच पर बेंगलूरु की छवि हुई धूमिल : आर अशोक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक में विपक्ष के नेता आर. अशोक ने शनिवार को बेंगलूरु में जारी जल संकट को लेकर कांग्रेस की सरकार पर जोरदार निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के कुप्रबंधन की वजह से राज्य में जल संकट की समस्या अपने चरम पर पहुंची है। इस समस्या ने वैश्विक स्तर पर राज्य की छवि को धूमिल किया है और यह सबकुछ तमिलनाडु को जल मुहैया कराए जाने की वजह से हुआ है।

पत्रकारों से बात करते हुए आर अशोक ने कहा कि एक अमेरिकी न्यूज चैनल लोगों से कह रहा है कि आप कर्नाटक मत जाइए्। अधिकारियों के समक्ष बिना कोई वाजिब तर्क रखे कांग्रेस सरकार ने तमिलनाडु को अपने जलाशयों से पानी मुहैया करा दिया जिससे राज्य में जल संकट की समस्या पैदा हो गई है और लोग परेशान हो रहे हैं्। इस समस्या को मुद्दा बनाकर बीजेपी ने सोमवार को फ्रीडम पार्ट में कांग्रेस सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और मांग की कि ऐसी कोई व्यवस्था की जाए जिससे बेंगलुरु के लोगों को पानी उपलब्ध हो सके। अगर हमारी मांग की पूर्ति नहीं की जाती है, तो हम भविष्य में कई बड़े कदम उठाएंगे। बेंगलुरु में लोगों को बम की धमकियों के साथ-साथ पीने के पानी के लिए भी मशक्कत करना पड़ रही है। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु की पहचान सूचना प्रौद्योगिकी और जैव प्रौद्योगिकी के रूप में वैश्विक स्तर पर होती है।



उन्होंने आगे तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार को इससे कोई चिंता नहीं है। आलम यह है कि डिप्टी सीएम डी.के. शिवकुमार तमिनाडु के सीएम एम.के. स्टालिन को बुलाकर उन्हें गले लगाते हैं और उन्हें बिरयानी भी खिलाते हैं्। उन्होंने आरोप लगाया कि अगर कर्नाटक ने तमिलनाडु को पानी उपलब्ध नहीं कराया होता, तो राज्य के लिए पांच से छह टीएमसी (हजार मिलियन क्यूबिक फीट) की बचत होती और जल संकट नहीं होता। अशोक ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के पूर्व ही तमिलनाडु को पानी मुहैया करा दिया, जिसकी वजह से राज्य में सूखे जैसी स्थिति पैदा हो गई और अब लोगों को पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। अशोक ने आगे दावा किया कि कांग्रेस लोगों को भत्ते देती है। अब उसका क्या किया जाए? पैसा देने के बावजूद भी लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मांड्या जिले में भी सूखे की समस्या की चपेट में लोग आ चुके हैं, जिसकी वजह से वहां से लोग प्रस्थान करने पर मजबूर हो रहे हैं्। उन्होंने आगे कहा कि सरकार का काम महज पानी टैंकरों की कीमत निर्धारित किए जाने के बाद ही खत्म नहीं हो जाता है। उसे यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी लोगों को पीने का पानी उपलब्ध हो। उन्होंने आगे कहा कि कर्नाटक के लोग पिछले पांच महीने से पानी की कमी से जूझ रहे हैं, लेकिन सरकार ने राज्य में सूखे की घोषणा करने में देरी की। हालांकि, सूखे की चपेट में आने वाले लोगों को तीन महीने का मुआवजा दिया जाएगा। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि अब राज्य सरकार के पास पैसा नहीं है। सूखे की चपेट में आने वाले लोग अब पलायन करने पर मजबूर हो रहे हैं्। सरकार इस बात से मुंह नहीं मोड़ सकती।

उन्होंने आगे कहा कि जल संकट की वजह से राज्य के कल-कारखानों में कभी-भी ताले लग सकते हैं्। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य मे गंभीर जल संकट है। आप महज इसी से अंदाजा लगा सकते हैं कि होटल में पानी नहीं है। अब ऐसी स्थिति में कोई जीएसटी कैसे देगा। अपार्टमेंट में पानी नहीं है। पिछले 30 सालों में राज्य में लोगों को कभी-भी ऐसी स्थिति का सामना नहीं करना पड़ा, जैसा कि अभी करना पड़ रहा है।


# बेंगलूरु में गैर जरूरी कामों के लिए पेयजल का इस्तेमाल प्रतिबंधित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। बेंगलूरु में जल संकट के बीच शहर के जल आपूर्ति और सीवरेज बोर्ड (बीडब्ल्यूएसएसबी) ने गैर-जरूरी उद्देश्यों के लिए पेयजल के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है और इस आदेश का उल्लंघन करने वालों पर 5,000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। बीडब्ल्यूएसएसबी ने कहा कि सभी के लिए पेयजल की आपूर्ति आवश्यक है। उसने कहा कि शहर में तापमान रोजाना बढ़ रहा है और हाल के दिनों में बारिश की कमी के कारण भूजल स्तर में गिरावट आई है इसलिए बेंगलूरु शहर में पानी की बर्बादी को रोकना जरूरी है। इसमें कहा गया है कि पेयजल का संयमित उपयोग करना लोगों के लिए आवश्यक बना दिया गया है।

बीडब्ल्यूएसएसबी ने बेंगलूरु जल आपूर्ति एवं सीवरेज अधिनियम 1964 की धारा 33 और 34 के तहत सात मार्च को जनहित में एक आदेश जारी कर बेंगलूरु शहर में वाहनों की सफाई, इमारतों और सड़कों के निर्माण, मनोरंजक गतिविधियों या फव्वारे जैसी सजावट के लिए पेयजल के उपयोग पर रोक लगा दी। मॉल और सिनेमा हॉल को केवल पीने के लिए पेयजल का उपयोग करने की अनुमति है। उसने कहा, इस निषेधात्मक आदेश का पहली बार उल्लंघन किए जाने पर 5,000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा और दोबारा उल्लंघन करने पर 5,000 रुपये जुर्माना और 500 रुपये प्रतिदिन का अतिरिक्त जुर्माना लगाया जाएगा।

## उद्घाटन



बेंगलूरु में शनिवार को मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने जीकेवीके में किसान सौर ऊर्जा मेले का उद्घाटन करते हुए।



# रेल मंत्री ने वंदे भारत शयनयान श्रेणी के कोच का अनावरण किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को यहां भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीईएमएल) संयंत्र में वंदे भारत शयनयान श्रेणी के कोच का अनावरण किया। बीईएमएल रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत आता है और रक्षा, अंतरिक्ष, खनन, निर्माण, रेल और मेट्रो जैसे विभिन्न क्षेत्रों के लिए उत्पाद बनाता है। इसे वंदे भारत शयनयान के 10 ट्रेनसेट (160 डब्बे) बनाने का ठेका मिला है। वैष्णव ने कहा कि वंदे भारत ट्रेन के तीन संस्करण हैं - चेयर कार (कुर्सी यान), स्लीपर (शयनयान) और मेट्रो। जहां कुर्सीयान खंड पहले ही पेश हो चुका है और काफी लोकप्रिय है, वहीं वंदे भारत शयनयान की पहली संरचना तैयार है। वैष्णव ने संवाददाताओं से कहा, अब इसकी साज-सज्जा का काम होगा। संरचना बनाना सबसे मुश्किल काम है। आज हम इस पर चर्चा करेंगे कि इसे बेहतर कैसे बनाया जाए।

उन्होंने कहा, हम पांच से छह महीने तक पहले ट्रेनसेट का परीक्षण करेंगे और उसके बाद ही इसे परिचालन में शामिल किया जाएगा। चूंकि शयनयान कोच उसी तकनीक पर आधारित है, जिस पर कुर्सीयान काम कर रही है, इसलिए इससे झटका-मुक्त यात्रा का अनुभव मिलेगा। रेल मंत्री ने कहा कि शयनयान वाली ट्रेन में यात्रियों की सुविधा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

## वैष्णव ने स्वदेशी 2.4 टीबीपीएस राउटर विकसित करने पर निवेटी सिस्टम्स की सराहना की

बेंगलूरु। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को स्वदेशी रूप से विकसित 2.4 टीबीपीएस राउटर के लिए निवेटी सिस्टम्स की सराहना की। उन्होंने इसे देश के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। वैष्णव के पास इलेक्ट्रॉनिक्स, संचार, सूचना प्रौद्योगिकी और रेलवे विभाग हैं। उन्होंने यहां एक कार्यक्रम में कहा, मैं एक बहुत ही विशेष उद्देश्य के लिए बेंगलूरु आया हूं। स्वदेश में विकसित पहला 2.4 टीबीपीएस राउटर। यह कोई छोटी बात नहीं है। यह वास्तव में हमारे देश के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

वैष्णव ने कहा, यह वास्तव में एक बहुत बड़ा मील का पत्थर है, जिसे हमने हासिल किया है। उन्होंने इच्छा जताई कि आने वाले महीनों में देश में ऐसे हजारों उत्पाद तैयार होंगे और निवेटी 2.4 टीबीपीएस एक ऐसा उत्पाद बने जो दुनिया भर में निर्यात किया जाए।

# भारत के सुरक्षा परिदृश्य में बहुआयामी खतरे शामिल हैं : एयर चीफ मार्शल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी ने शनिवार को कहा कि नयी प्रौद्योगिकी और पूर्णतय: नए तौर तरीकों की वजह से युद्ध क्षेत्र में मूलभूत परिवर्तन हो रहा है। उन्होंने यहां अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी (ओटीए) में विभिन्न टुकड़ियों की पासिंग आउट परेड का निरीक्षण करने के बाद ये टिप्पणियां कीं। उन्होंने कहा, भारत के सुरक्षा परिदृश्य में बहुआयामी खतरे और चुनौतियां शामिल हैं। इसके लिए हमें विभिन्न क्षेत्रों में क्षमताओं का निर्माण करने के साथ ही कम समय में अभियानों को लागू करना होगा। उन्होंने युवा अधिकारियों से तकनीकी प्रगति के साथ तालमेल स्थापित करने की अपील की।

एयर मार्शल ने कहा कि ये अधिकारी ऐसे वक्त में इस पेशे को अपना रहे हैं जब देश प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में परिवर्तन से गुजर रहा है। उन्होंने कहा, हमारे सशस्त्र बलों ने अगली पीढ़ी के युद्धक उपकरणों को खरीदने में भारी निवेश किया है। इन अत्यधिक शक्तिशाली प्रणालियों के भावी संचालकों के रूप में आपको इनसे भलीभांति परिचित होने की आवश्यकता है और यह कठोर प्रशिक्षण, समर्पण और एक पेशेवर दृष्टिकोण के जरिए ही हासिल किया जा सकता है।

फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ के हवाले से उन्होंने कहा कि राष्ट्र को इन अधिकारियों से असाधारण पेशेवर रवैये और निर्विवादित सत्यनिष्ठा की अपेक्षा है। चौधरी ने कहा, हम आपसे निजी आचरण और नैतिक मूल्यों के ऐसे उच्च मानकों को बनाए रखने की उम्मीद करते हैं जो सेना के पेशे की गरिमा और गौरव को दर्शाएं। चेन्नई में स्थित ओटीए में कठोर प्रशिक्षण पूरा करने के बाद 184 अधिकारी कैडेट और 36 महिला कैडेट को भारतीय सेना की विभिन्न शाखाओं और सेवाओं में शामिल किया गया।

ओटीए ने बताया कि इसके अलावा मैत्रीपूर्ण देशों के तीन अधिकारी कैडेट और छह महिला कैडेट ने अपना प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया जिससे विभिन्न देशों के बीच सौहार्द और सहयोग को बढ़ावा मिला है। एयर चीफ मार्शल ने एयूओ आर्यन शाही को 'स्वॉर्ड ऑफ ऑनर' और रजत पदक, एसीए शौर्यन थापा को ओटीए स्वर्ण पदक और बीसीए सारन्या एम. को कांस्य पदक प्रदान किया।

# एनसीबी ने मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में द्रमुक के पूर्व पदाधिकारी को गिरफ्तार किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नयी दिल्ली/चेन्नई। स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने शनिवार को कहा कि उसने अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी के एक मामले की जांच के संबंध में तमिलनाडु में द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के पूर्व पदाधिकारी जाफर सादिक को गिरफ्तार किया है। अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी से जुड़ा यह मामला लगभग दो हजार करोड़ रुपये से अधिक का है। एनसीबी के उपमहानिदेशक ज्ञानेश्वर सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि सादिक को शनिवार को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया।

एनसीबी ने सादिक को भारत, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच फैले अंतरराष्ट्रीय मादक तस्कर गिरोह का सरगना करार दिया है। तमिल फिल्मों के निर्माता सादिक को सत्तारूढ़ द्रमुक से हाल में निष्कासित किया गया था। एजेंसी ने मादक पदार्थ तस्करी गिरोह से सादिक के कथित संबंधों का खुलासा किया था और इसके बाद उन्हें पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया गया था। राज्य में विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) इस मुद्दे पर लगातार द्रमुक को निशाना बना रहे हैं।

पिछले महीने एनसीबी ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया था और दिल्ली के एक गोदाम में छापेमारी में 50 किलोग्राम मादक पदार्थ बनाने वाला रसायन 'स्यूडोएफेड्राइन' जब्त किया था। वर्ष 2023 के अंत में ऑस्ट्रेलियाई और न्यूजीलैंड के अधिकारियों ने भारत से उनके देशों में तस्करी की जा रही 'भारी मात्रा में' स्यूडोएफेड्राइन के बारे में गोपनीय जानकारी दी थी, जिसके बाद दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ और एनसीबी ने छापेमारी की थी।

एनसीबी के अनुसार, गिरफ्तार किए गए तीनों लोगों ने कथित तौर पर बताया था कि पिछले तीन वर्षों में उन्होंने स्यूडोएफेड्राइन की कुल 45 खेप भेजी हैं, जिसमें लगभग 3,500 किलोग्राम मादक पदार्थ था और अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत दो हजार करोड़ रुपये से अधिक थी। अन्नाद्रमुक ने आरोप लगाया कि द्रमुक शासन में राज्य मादक पदार्थ का अड्डा बन गया है।

# 'इंडि' गठबंधन ने धर्मनिरपेक्षता का मजाक बना दिया है : देवेगौड़ा



**मैं भविष्यवाणी नहीं कर सकता कि कल क्या होने वाला है, वह (कुमारस्वामी) भी नेता हैं। उनका नेतृत्व निर्विवाद है। उन्हें निर्णय लेना है। वह प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ हर मुद्दे पर चर्चा करेंगे और उपयुक्त सहमति बनाएंगे।**

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जनता दल (सेक्युलर) सुप्रीमो और पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा ने शनिवार को 'इंडिया' गठबंधन पर हमला करते हुए कहा कि इसने धर्मनिरपेक्षता का मजाक बना दिया है। विपक्षी दलों के 'इंडिया' गठबंधन पर परोक्ष हमला करते हुए देवेगौड़ा ने याद दिलाया कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के दौरान रेल मंत्री थीं।

उन्होंने कहा कि इसी तरह, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन के पिता और पूर्व मुख्यमंत्री एम. करुणानिधि की पार्टी द्रमुक का छह साल तक भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ गठजोड़ था। देवेगौड़ा ने कहा कि करुणानिधि के एक दामाद तत्कालीन केंद्र सरकार में मंत्री थे। टीएमसी और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस (इंडिया) गठबंधन का हिस्सा हैं।

देवेगौड़ा ने एक साक्षात्कार में 'पीटीआई-भाषा' से कहा, हम कई उदाहरण का जिक्र कर सकते हैं। इस देश में तथाकथित धर्मनिरपेक्षता के बारे में अगर कोई बोलता है, तो लोग कहते हैं कि यह एक मजाक है। उन्होंने कहा, राकांपा (शरदचंद्र पवार) प्रमुख शरद पवार ने महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से हाथ मिला लिया। कांग्रेस के एक सदस्य (महाराष्ट्र में) स्पीकर थे। मैं कई मामलों का हवाला दे सकता हूं और ये घटनाक्रम धर्मनिरपेक्षता के वास्तविक अर्थ के अनुरूप नहीं है। कांग्रेस के इस आरोप पर कि जद(एस) ने सांप्रदायिक भाजपा के साथ हाथ मिलाया है, पूर्व प्रधानमंत्री ने सवाल किया कि कांग्रेस आज कितने राज्यों में शासन कर रही है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि पार्टी केवल हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना में सत्ता में है। देवेगौड़ा (90) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा कि मोदी, वाजपेयी से अलग हैं। उन्होंने कहा कि वाजपेयी के नेतृत्व में भाजपा लोकसभा चुनावों में 180 से अधिक सीट को पार नहीं कर सकी थी, जबकि मोदी को 282 सीट (अकेले भाजपा को) मिली और राजग सहयोगियों के साथ, उनके पहले कार्यकाल में 350 से अधिक सीट थी। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि अब उनका लक्ष्य गठबंधन के साथ 400 सीट पार करने का है। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व को न केवल भारत में बल्कि अन्य देशों में भी मान्यता मिली है। उन्होंने कहा, आज माहौल ऐसा है, चाहे भारत में हो या बाहर, ऐसा है कि उन्हें (मोदी को) पहचान मिल गई है। इन लोगों (विपक्षी दलों) का कोई दृष्टिकोण नहीं है और अप्रासंगिक बातें बोलते हैं। मैं उनके खिलाफ कठोर टिप्पणी नहीं करना चाहता। देवेगौड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री पर विपक्षी दलों के हमलों को लोग गंभीरता से नहीं लेंगे। देवेगौड़ा ने विपक्षी दलों को यह एहसास करने की सलाह दी कि मोदी आज सबसे बड़े नेता हैं, जिसे लोगों को स्वीकार करना चाहिए। कांग्रेस के इस आरोप पर कि पिछले 10 वर्षों में निरंकुशता रही है और कुछ सांठगांठ वाले पूंजीपतियों को लाभ हुआ है, न कि गरीबों और पात्र लोगों को, पूर्व प्रधानमंत्री ने आश्चर्य जताया कि आज कांग्रेस के पास कितनी ताकत है और वह कितनी सीट पर जीत की उम्मीद कर सकती है।

उन्होंने कहा, वे संसद में दो कार्यकालों में (विपक्षी दल की) मान्यता प्राप्त करने में असमर्थ रहे। कांग्रेस पार्टी के बारे में बात करने का कोई फायदा नहीं है। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कर्नाटक में भाजपा और जद(एस) के बीच सीट बंटवारे के फार्मूले पर देवेगौड़ा ने कहा कि उनकी पार्टी ने कोई शर्त नहीं रखी है। ऐसी चर्चा है कि देवेगौड़ा के बेटे और पूर्व मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी या उनके बेटे निखिल कुमारस्वामी लोकसभा चुनाव लड़ सकते हैं, हालांकि जद(एस) के वरिष्ठ नेता ने कहा कि इस बारे में उनके पुत्र को निर्णय लेना है। देवेगौड़ा ने कहा, मैं भविष्यवाणी नहीं कर सकता कि कल क्या होने वाला है, वह (कुमारस्वामी) भी नेता हैं। उनका नेतृत्व निर्विवाद है। उन्हें निर्णय लेना है। वह प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ हर मुद्दे पर चर्चा करेंगे और उपयुक्त सहमति बनाएंगे।

# कमल हासन की पार्टी द्रमुक के नेतृत्व वाले गठबंधन में शामिल हुई

चेन्नई/दक्षिण भारत। अभिनेता कमल हासन के नेतृत्व वाली पार्टी मक्कल निधि मय्यम (एमएनएम) अपनी स्थापना के छह साल बाद शनिवार को तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) नीत गठबंधन में शामिल हो गई और उसे आगामी लोकसभा चुनाव के लिए अपना समर्थन दिया। अपनी स्थापना के छह वर्षों में एमएनएम ने दो चुनाव अपने दम पर लड़े। हासन की पार्टी को संसदीय चुनाव लड़ने के लिए सीटें आवंटित किए जाने की अटकलों के बीच द्रमुक ने एमएनएम को 2025 के राज्यसभा चुनाव के लिए एक सीट आवंटित की।



## विमोचन

बेंगलूरु में शनिवार को मंत्री संतोष लाड ने गांधी भवन में महेंद्र कुमार पर नवीन सुरिनजी द्वारा लिखित पुस्तक नाडु बग्गिसदा येदेया धानी का विमोचन करते हुए।

# देश में समानता बनाए रखने के लिए आपसी बंधुता जरूरी : प्रधान न्यायाधीश



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बीकानेर। भारत के प्रधान न्यायाधीश डॉ. डी वाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि देश में समानता को बनाए रखने के लिए आपसी बंधुता जरूरी है। उन्होंने सवाल किया कि अगर लोग एक दूसरे से लड़ेंगे तो देश आगे कैसे बढ़ेगा? न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि हमें संविधान की भावना के अनुरूप एक दूसरे के प्रति आदर का भाव रखना चाहिए।

बीकानेर के महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय में 'हमारा संविधान हमारा सम्मान' अभियान समारोह को संबोधित करते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा, 'हमारे संविधान निर्माताओं के मन में मानवीय गरिमा का सर्वोच्च महत्व था।' उन्होंने कहा, 'डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर ने संविधान सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष के रूप में यह सुनिश्चित किया कि न्याय, स्वतंत्रता और समानता के मूल्यों के साथ साथ बंधुता और व्यक्ति की गरिमा की भावना को भी संविधान बढ़ावा दे। उन्होंने स्वतंत्रता व समानता के हनन के खिलाफ बंधुता को वास्तविक सुरक्षा कवच माना व उसे सबसे ऊंचा स्थान दिया।'

प्रधान न्यायाधीश के मुताबिक, 'कहने का मतलब यह है कि देश में समानता को बनाए रखने के लिए आपसी बंधुता जरूरी है। अगर लोग एक दूसरे से लड़ेंगे तो देश आगे कैसे बढ़ेगा।' उन्होंने कहा, 'इसलिए जब हम 'हमारा संविधान, हमारा सम्मान' कहते हैं तो हमें इस बात पर भी जोर देना होगा कि हम देश में बंधुता व भाईचारे को भी बढ़ावा दें। इन भावनाओं को अपने निजी जीवन में आत्मसात करें।'

उन्होंने कहा, 'देश के नागरिकों को यह भी समझना होगा कि एक तरफ जहां संविधान उनके अधिकारों की बात करता है, दूसरी तरफ यह भी उम्मीद करता है कि देश के नागरिक अपने दायित्वों का निर्वहन करें।' न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि संविधान में ही नागरिकों के दायित्व का जिक्र है, जिनमें संविधान का सम्मान करना, सामाजिक सौहार्द्र व बंधुता को बढ़ावा देना, पर्यावरण की सुरक्षा करना, वैज्ञानिक सोच को आत्मसात करना आदि शामिल है। उन्होंने कहा, 'संविधान की भावना के अनुरूप हमें एक दूसरे के प्रति आदर का भाव रखना चाहिए।' प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि संविधान और उसके मूल्यों से लोगों का परिचय करवाने में राज्य की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, 'भारतीय संविधान समावेशी तौर पर बनाया गया था। कानून के समक्ष समानता का अधिकार संविधान देता है। इसमें निहित सिद्धांत व अधिकार सभी नागरिकों पर लागू होते हैं चाहे उनकी पृष्ठभूमि, धर्म, जाति, लिंग या कोई अन्य विशेषता कुछ भी हो।' उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि संविधान यह सुनिश्चित करता है कि सभी व्यक्तियों के साथ समान व्यवहार किया जाए और उन्हें समान अवसर प्राप्त हों।

उन्होंने कहा, 'भारतीय संविधान की ये कई विशेषताएं उसे सभी समूहों के बीच स्वीकार्य बनाती हैं।' देश के सभी लोगों विशेषकर ग्रामीणों को संविधान से परिचित कराने की आवश्यकता जताते हुए उन्होंने कहा, 'हमारा देश आज भी गांवों में बसता है। उनमें रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति को हमें संविधान एवं इसके मूल्यों से परिचित कराना है। जब तक संविधान की बात देश के गांवों तक नहीं पहुंचेगी तब तक हमारा मिशन अधूरा रहेगा।' उन्होंने कहा, 'संविधान की भावनाओं को देश के प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाना हम सभी नागरिकों का कर्तव्य है।'

# सिरोही जिले में शिवरात्रि मेले के दौरान चाकू घोंपकर पुलिस कांस्टेबल की हत्या

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के सिरोही जिले में दो पक्षों के बीच झड़प के दौरान एक पुलिस कांस्टेबल की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि सरूपगंज थाने में तैनात कांस्टेबल निरंजन सिंह की ड्यूटी शुक्रवार रात लौटाना गांव में आयोजित हो रहे शिवरात्रि मेले में थी। उसने बताया कि मेले में दो पक्षों के बीच झड़प हो गई और कांस्टेबल ने बीच बचाव किया। इसी दौरान किसी ने सिंह की गर्दन पर चाकू से वार कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि घटना के बाद आरोपी फरार हो गए, उनकी तलाश की जा रही है और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल में रखवा दिया गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने घटना पर दुख जताया है।

शर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, सिरोही के सरूपगंज में कर्तव्य पालन के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए कांस्टेबल निरंजन सिंह की शहादत को कोटि-कोटि नमन। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत ने पोस्ट में कहा, कर्तव्य निर्वहन के दौरान सिरोही के सरूपगंज में शहीद हुए आरक्षी निरंजन सिंह को सादर नमन। दुःख की इस घड़ी में हमारी सहानुभूति उनके परिजनों के साथ है। राज्य सरकार निरंजन सिंह के हत्यारों की गिरफ्तारी कर कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित करे।

# राजस्थान के कई हिस्सों में बादल छाये रहने की संभावना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। नए पश्चिमी विक्षोभ से राजस्थान के कई हिस्सों में रविवार को आंशिक बादल छाये रहने की संभावना है, लेकिन बारिश होने का अनुमान नहीं है। जयपुर के मौसम केंद्र ने यह जानकारी दी। केंद्र के अनुसार राज्य के कुछ भागों में आगामी दिनों में एक के बाद एक, दो कमजोर पश्चिमी विक्षोभों के प्रभावी होने की सम्भावना है। पहले कमजोर विक्षोभ के प्रभाव से 10 मार्च को पश्चिमी राजस्थान के कुछ भागों में आंशिक बादल छाए रहने की संभावना है। हालांकि बारिश होने की संभावना नहीं है। केंद्र के मुताबिक दूसरे कमजोर विक्षोभ का प्रभाव 13-14 मार्च को पश्चिमी एवं उत्तरी राजस्थान के कुछ भागों में रहने की संभावना है। इसके प्रभाव से जोधपुर एवं बीकानेर संभागों के सीमावर्ती क्षेत्रों में 13 मार्च को बादल छाये रहने और छुटपुट स्थानों पर मेघ-गर्जन के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। शेष भागों में आगामी दिनों में मौसम मुख्यत: शुष्क बने रहने की संभावना है।

इस बीच राज्य में बीते 24 घंटे में न्यूनतम तापमान फतेहपुर में 6.9 डिग्री सेल्सियस और संगरिया में 10.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान डूंगरपुर में 31.4 डिग्री तथा बाड़मेर एवं जालौर में 30.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



# महिला दिवस पर प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के पात्र लाभार्थियों को बकाया किश्त के रूप में दिए 26.87 करोड़ रुपए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर । महिला दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश की महिलाओं को तोहफा दिया। प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के अंतर्गत प्रदेश के 5 हजार से अधिक पात्र लाभार्थियों (जिनमें अधिकांश महिला लाभार्थी शामिल थीं) को उनकी बकाया किश्तों के रूप में 26.87 करोड़ रुपए का भुगतान किया है। इससे उनके पक्के मकान का सपना पूरा हो रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश और स्वायत्तशासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा के नेतृत्व में महिला दिवस पर राज्य में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के पात्र लाभार्थियों को उनकी बकाया प्रथम/द्वितीय/तृतीय/चतुर्थ किश्त का भुगतान किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस संबंध में पहले ही निर्देश जारी कर दिए थे।

स्वायत्त शासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकांत, निदेशक सुरेश ओला ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने की योजना बनाकर अधिकारियों को निर्देश दिए और लगातार मॉनिटरिंग की। इसके तहत कुल राशि 25.59 करोड़ रुपए खर्च का लक्ष्य रखा गया था, जिसको पूरी टीम ने 26.87 करोड़ रुपए खर्च कर हासिल कर लिया।

इसके बाद रुडसिको के कार्यकारी निदेशक प्रकाशचंद्र शर्मा के निर्देशन व परियोजना निदेशक (आवासन) प्रदीप कुमार गर्ग के सुपरविजन में प्रदेश में विशेष अभियान चलाया गया। इसके तहत कार्यकारी एजेंसी नगर निगम, नगर पालिका, नगर परिषद, जिला परिषद, हाउसिंग बोर्ड, प्राधिकरण व यूआईटी वाइज लाभार्थियों की सूची तैयार की गई। सभी कार्यकारी एजेंसियों को आवश्यकता अनुसार केंद्र सरकार से प्राप्त राशि की साखा सीमा जारी की गई। यूएलबी, जिला परिषद, प्राधिकरण और यूआईटी के स्तर पर लाभार्थियों की खातों की जांच कर बिल तैयार कर लिए गए।

महिला दिवस यानी 8 मार्च को सभी पात्र लाभार्थियों के खातों में राशि ट्रांसफर कर दी गई।

खास बात यह रही कि राज्य स्तर, जिला स्तर, नगर पालिका स्तर पर महिला दिवस पर आयोजित समारोह में इन महिला लाभार्थियों को डमी चेक भेंट किए गए और शुभकामनाएं दी गई।



# चिकित्सा मंत्री एसएमएस अस्पताल में भर्ती कोटा के बच्चों से मिले

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर शनिवार को सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती बिजली का करंट लगने से गंभीर रूप से झुलसे कोटा के बच्चों से मिले और उनकी कुशलक्षेम पूछी। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन से बच्चों के स्वास्थ्य के बारे में विस्तार से जानकारी ली और उन्हें बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

खींवसर सर्जिकल आईसीयू में भर्ती एक बच्चे, जिसकी हालत अत्यधिक गंभीर है, उससे मिलने पहुंचे और उसके बाद बर्न सेमी आईसीयू में भर्ती अन्य 4 बच्चों से मिले और उनके स्वास्थ्य की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने वरिष्ठ प्लास्टिक सर्जन डॉ. प्रदीप गुप्ता एवं डॉ. राकेश जैन को निर्देश दिए कि बच्चों के उपचार में किसी तरह की कमी नहीं रहे। बच्चों के ट्रीटमेंट और स्वास्थ्य पर लगातार निगरानी बनाए रखें।

चिकित्सा मंत्री ने इस दौरान बच्चों के अभिभावकों से मिलकर विश्वास दिलाया कि एसएमएस अस्पताल में बच्चों को वरिष्ठ चिकित्सा विशेषज्ञों के माध्यम से बेहतर उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। बच्चों के इलाज में किसी तरह की कमी नहीं रहेगी। यह घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। हमारी प्राथमिकता है कि बच्चों को अच्छा इलाज मिले और वे जल्द से जल्द स्वस्थ हों। उन्होंने ईश्वर से बच्चों के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना की।

उल्लेखनीय है कि कोटा के सकतपुरा में शुक्रवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव बारात के जुलूस में बच्चे भक्तिभाव के साथ चल रहे थे।




# विकास में मानवीय मूल्यों की उपेक्षा न हो : मिश्र

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने शनिवार को कहा कि अंधाधुंध विकास में मानव मूल्यों की उपेक्षा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने 'विकसित भारत' के अंतर्गत सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी संपन्नता के लिए कार्य करने का आह्वान किया। वह यहां आयोजित 'राइजिंग राजस्थान : द सोसियोकल्चरल फ्लैगशिप आफ अमृतकाल-भारतवर्ष 2047' विषयक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि राजस्थान सांस्कृतिक और सामाजिक दृष्टि से संपन्न राज्य है। उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत' की संकल्पना के अंतर्गत यहां की विपुल सांस्कृतिक संपदा, मानव संसाधन और विरासत को सहेजते हुए राष्ट्र विकास में सभी को अपनी प्रभावी भूमिका निभानी चाहिए। आधिकारिक बयान के अनुसार मिश्र ने राष्ट्र को सर्वोपरि रखने तथा सांस्कृतिक सद्भाव और समन्वय की भावनाओं को बढ़ावा देने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि राजस्थान पर्यटन की दृष्टि से बहुत समृद्ध है परन्तु इस बात का भी ध्यान रखा जाए कि पर्यटन विकास में सांस्कृतिक प्रदूषण नहीं फैले। उनका कहना था कि औद्योगिक विकास हो परन्तु इस बात का भी ध्यान रखा जाए कि उससे पारिस्थितिकी संतुलन नहीं बिगड़े।

उन्होंने लोगों से विकास के साथ स्वत: आने वाली बुराइयों के प्रति सचेत रहते हुए 'विकसित भारत' के लिए कार्य करने का आह्वान किया। इससे पहले 'इण्डिया फाउंडेशन' के अध्यक्ष राम माधव ने विकसित भारत के लिए ज्ञान-विज्ञान, अनुसंधान, उद्यमिता, जल एवं पर्यावरण संरक्षण के साथ देश की आवश्यकताओं के अनुरूप प्राथमिकताओं का निर्धारण कर आगे बढ़ने पर जोर दिया।

# गोकशी व गोतस्करी रोकने को लेकर महापंचायत में अहम फैसले

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अलवर। राजस्थान में खैरथल तिजारा जिले के किशनगढ़बास के बृसंगपुर रूंध-गिदावड़ा में बीफ मंडी के मामले को लेकर जहां मेवात क्षेत्र की छवि देशभर में धूमिल होने के मामले को लेकर शनिवार को बागोड़ा ईदगाह पर मेव समाज की महापंचायत का आयोजन किया गया। जिला मेव पंचायत के संरक्षक शेर मोहम्मद ने बताया कि मेव समाज अलवर के आह्वान पर आयोजित इस महापंचायत में कई निर्णय लेकर मेव समाज के जिम्मेदारों को शपथ दिलाई की इन निर्णयों और फैसलों पर वह सख्ती से पालना करेंगे और पाबन्द रहेंगे। इन निर्णयों में कहा कि समाज का काई भी व्यक्ति गोकशी करता है तो समाज और प्रशासन एवं कमेटी के सभी सदस्य मिलकर उस व्यक्ति के खिलाफ मजबूत कानूनी कार्यवाही कि जायेगी। उसके मकान को बुलडोजर से गिराया जाएगा।

गोकशी करने वाले व्यक्ति की सूचना देने वाले को कमेटी 11 हजार रुपये इनाम देगी। गलत सूचना देने वाले पर 21 हजार रुपये का अर्थदण्ड होगा। गौ तस्करी करने वाले पर एक लाख रुपया का जुर्माना होगा वहीं गो कशी करने वालो पर एक लाख 51 हजार रुपये अर्थदण्ड होगा। इसके अलावा गौ मांस खाने वाले पर समाज के व्यक्ति पर 21 हजार रुपए रूपये का जुर्माना होगा। गौ मांस की बिक्री करने वाले पर 50 हजार रुपये का अर्थदण्ड होगा तथा सामाजिक बहिष्कार भी किया जाएगा।

महापंचाय में सभी को शपथ दिलाई गई जिसमें कहा,हम सब अल्ले बिरादरी के जिम्मेदार अल्ला को हाजिर नाजिर मानते हुए हल्फ लेते है कि गो कशी और गौ तस्करी के खिलाफ रहेगें। उन्होंने शपथ ली कि वह अहद करते है कि हमारे इलाके में गौ मांस को किसी भी सूरत में नही बेचा जायेगा ना खाया जायेगा।

सरपंच मामल खान ने बताया कि अलवर जिला मेव पंचायत की ओर से गोकशी, गोतस्करी सहित बीफ प्रतिबंध लगाने को लेकर शनिवार को मेदावास-बिरसंगपुर के ईदगाह परिसर में महापंचायत आयोजित की गई। इसमें जिले की चार विधानसभा क्षेत्र किशनगढ़बास, तिजारा, रामगढ़ सहित अलवर ग्रामीण के सैकड़ों लोग शामिल हुए।

# मुख्यमंत्री बालिका संबल योजना की राशि को बढाकर तीस हजार किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने मुख्यमंत्री बालिका संबल योजना के तहत दी जाने वाली राशि को 10 हजार रुपए से बढ़ाकर 30 हजार रुपए कर दिया है। श्रीमती दीया कुमारी ने समाज में लिंग भेद उन्मूलन और बालिका के जन्म को प्रोत्साहित करने के लिए मुख्यमंत्री बालिका संबल योजना में दी जाने वाली राशि में इस बढ़ोतरी की वित्तीय स्वीकृति दी है। योजना में पहली एवं दूसरी बालिका के जन्म पर और उसके बाद नसबंदी करवाने की स्थिति में यह राशि दी जाएगी।

उपमुख्यमंत्री ने सुकन्या समृद्धि योजना के तहत 21 वर्ष की अवधि किए जाने की भी स्वीकृति दी है। उल्लेखनीय है कि सुकन्या समृद्धि योजना का लाभार्थी खाता 25 हजार रुपए की राशि से खोला जाएगा। जिसके अंतर्गत प्रति वर्ष 250 रुपए बालिका के खाते में जमा कराए जाएंगे। ये राशि बालिका के नाम पर बानाई गई एफडीआर राशि तीन हजार 500



रुपए के ब्याज से जमा होगी। एफडीआर का अधिक ब्याज बालिका के 500 रूपये से खोले गए बचत खाते में जमा होता रहेगा। 21 वर्ष पश्चात यह राशि एक लाख 47 हजार 542 होना संभावित है। इस योजना के अंतर्गत दो लाख का दुर्घटना बीमा भी देय है जो 21 वर्ष की अवधि के पश्चात भी निरंतर लागू रहेगा।

उन्होंने आशा सहयोगिनियों को तोहफा देते हुए उनके मानदेय में 10 प्रतिशत की वृद्धि को भी वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। यह मानदेय वृद्धि आगामी एक अप्रैल से लागू हो जाएगी। जिसमें आशा सहयोगिनियों को चार हजार 98 के स्थान पर चार हजार 508 रुपए की राशि दी जाएगी।

# विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को गाय का प्राकृतिक दूध उपलब्ध कराने के कोई निर्देश नहीं : शर्मा

जयपुर। राजस्थान में विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को गाय का प्राकृतिक दूध उपलब्ध कराने के कोई निर्देश नहीं दिए गए हैं। आयुक्त मिड डे मील विश्वमोहन शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार के स्तर से भी ऐसा कोई आदेश जारी नहीं किया गया है और न ही कोई पत्र भेजा गया है। उन्होंने बताया कि अतिरिक्त निदेशक माध्यमिक शिक्षा बीकानेर अशोक असीजा के द्वारा गत पांच मार्च को एक पत्र आयुक्त राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद को आवश्यक कार्यवाही के लिए लिखा गया है।

उन्होंने बताया कि इस पत्र में राज्य के समस्त विद्यालयों में साफ़-सुथरे शौचालय मय जल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए लिखा गया था। इसमें विद्यालयों में छात्र -छात्राओं को गाय का प्राकृतिक दूध उपलब्ध कराने के कोई निर्देश नहीं दिए गए थे। मिड डे मील कार्यालय, जयपुर से विद्यालयों में विद्यार्थियों को गाय का प्राकृतिक दूध उपलब्ध कराने के कोई निर्देश नहीं दिए गए थे।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कार्मिकों को किया सम्मानित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने शनिवार को शासन सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय कार्य करने वाले अधिकारियों को वर्चुअल एवं व्यक्तिगत रूप से प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य सचिव ने रवि जैन, प्रमुख शासन सचिव पंचायती राज को समग्र क्रियान्वयन एवं मॉनिटरिंग के लिए, श्रीमती वंदना सिंघवी तत्कालीन संभागीय आयुक्त पाली को यात्रा दिवस से पूर्व वंचित परिवारों का सर्वे कराने की पहल के लिए, लोकबंधु तत्कालीन जिला कलक्टर भरतपुर को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना तथा 'मेरी कहानी-मेरी जुबानी' में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए, कमर उल जमान चौधरी जिला कलक्टर सीकर को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में द्वितीय स्थान प्राप्त करने के लिए,



श्रीमती श्रुति भारद्वाज तत्कालीन जिला कलक्टर नीमकाथाना को आयुष्मान भारत कार्ड ई-केवाईसी में प्रथम स्थान तथा 'मेरी कहानी-मेरी जुबानी' में द्वितीय स्थान प्राप्त करने के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

इसी प्रकार अंकित सिंह जिला कलक्टर डूंगरपुर को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में प्रथम स्थान तथा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में द्वितीय स्थान प्राप्त करने के लिए, हरजी लाल अटल जिला कलक्टर फलौदी को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में प्रथम स्थान तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में द्वितीय स्थान प्राप्त करने के लिए, डॉ इंद्रजीत यादव तत्कालीन जिला कलक्टर प्रतापगढ़ को आयुष्मान भारत कार्ड ई-केवाईसी में द्वितीय स्थान प्राप्त करने के लिए, निधि बीटी जिला कलक्टर धौलपुर को ऑनलाइन संकल्प में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए, श्रीमती श्वेता चौहान जिला कलक्टर केकड़ी को ऑनलाइन संकल्प में द्वितीय स्थान प्राप्त करने के लिए, श्रीमती अर्तिका शुक्ला तत्कालीन जिला कलक्टर दूदू को 'माई भारत' वॉलेंटियर पंजीयन में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए, नमित मेहता जिला कलक्टर भीलवाड़ा को 'माई भारत' वॉलेंटियर पंजीयन में द्वितीय स्थान प्राप्त करने के लिए तथा नरेश कुमार ठकराल तत्कालीन शासन सचिव युवा मामले एवं खेल विभाग को 'माई भारत' वॉलेंटियर में पंजीकरण के लिए सम्मानित किया।

मुख्य सचिव ने नवनीत कुमार अतिरिक्त आयुक्त खाद्य विभाग, आलोक पांडा ईडी आईओसी, नितेश कुमार श्रीवास्तव जीएम एलपीजी आईओसी, विमलेन्दु मंडल जीएम एलपीजी बीपीसीएल, विनीत दीक्षित डिप्टी जीएम एचपीसीएल को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लिए, मयंक मनीष सहायक मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजस्थान स्टेट हैल्थ एश्योरेंस एजेंसी को आयुष्मान भारत कार्ड ई-केवाईसी के लिए, सुरेश कुमार ओला निदेशक स्थानीय निकाय विभाग एवं प्रदीप कुमार गर्ग मुख्य अभियंता रूडसिको को शहरी क्षेत्रों में यात्रा के संचालन के लिए, मुकेश माहेश्वरी अधीक्षण अभियंता एवं चेतन प्रकाश शर्मा स्टेट कॉर्डिनेटर पंचायती राज विभाग को डाटा संधारण के लिए सम्मानित किया।



## मोदी ने भ्रष्टाचार, वंशवादी राजनीति को लेकर तृणमूल कांग्रेस पर प्रहार किया

**सिलीगुड़ी(पश्चिम बंगाल)/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भ्रष्टाचार एवं वंशवादी राजनीति के मुद्दे पर शनिवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर निशाना साधा और कहा कि विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन में शामिल टीएमसी तथा कांग्रेस जैसी पार्टियों को केवल अपने परिवारों के विकास की चिंता है। प्रधानमंत्री मोदी ने सिलीगुड़ी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी नीत पार्टी को हराने का आह्वान किया और कहा, पश्चिम बंगाल से भ्रष्ट टीएमसी सरकार को अपदस्थ करने का मार्ग लोकसभा चुनावों से खुलेगा।

उन्होंने कहा, मैंने देश की माताओं को मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष करते देखा है। यही कारण है कि मैं स्वच्छता, मुफ्त बिजली, बैंक खाते और नल से जल पर जोर देता हूं ताकि हमारी माताओं-बहनों का जीवन आसान बन सके। लेकिन यहां पहले वाम मोर्चा और फिर टीएमसी सरकार ने राज्य के लोगों की मूलभूत जरूरतों को नजरअंदाज किया। मोदी ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस राज्य के लोगों को लूट रही है और इसने मनरेगा के तहत केंद्र से भेजी गई केंद्रीय निधि को लूटने के लिए फर्जी रोजगार कार्ड बनाए। विपक्षी दलों की वंशवादी राजनीति पर प्रहार करते हुए मोदी ने कहा, टीएमसी को केवल अपने भतीजे की, जबकि कांग्रेस को केवल राजपरिवार की चिंता है। उन्होंने टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी और कांग्रेस में गांधी परिवार का संभवत: संदर्भ देते हुए यह कहा।

# पहले की सरकारें राम भक्तों पर लाठियां बरसाती थी : योगी आदित्यनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**जौनपुर (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को विपक्ष की पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि ये लोग जलाभिषेक पर रोक लगाते थे और भारत में पर्व-त्योहारों के पहले दंगे करवाते थे। योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को जौनपुर में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की मूर्ति का अनावरण किया और सड़क, पेयजल के साथ समग्र विकास से जुड़ी 899 करोड़ रुपए की 256 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।



इस मौके पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जब राष्ट्र नायकों के प्रति सम्मान का भाव होगा तो दुनिया की कोई ताकत भारत का बाल बांका नहीं कर पाएगी। उन्होंने कहा, पहले की सरकारें राम भक्तों पर लाठियां बरसाती थीं, भगवान शिव पर जलाभिषेक पर रोक लगाती थीं, लेकिन आज हमारी सरकार राम भक्तों पर फूल बरसाती है, आज डबल इंजन की सरकार श्री राम का दर्शन करवा रही है।

विपक्ष पर हमलावर मुख्यमंत्री ने सवालिए लहजे में कहा,''केंद्र एवं राज्य में यदि डबल इंजन सरकार न होती तो क्या राम मंदिर बन पाता। ये लोग लाठी-डंडा बरसाते थे। क्या काशी में काशी विश्वनाथ धाम बन पाता, ये लोग जलाभिषेक पर रोक लगाते थे। ये लोग भारत में पर्व-त्योहारों के पहले दंगे कराते थे। उन्होंने कहा, आज सरकार शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने के लिए प्रोत्साहित एवं सहयोग करती है। वह सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था करती है। सरकार किसी को भी सुरक्षा के साथ खिलवाड़ की छूट नहीं देती है। ऐसा करने वालों को कीमत चुकानी पड़ेगी। हमारा देश बदल चुका है। एक नए भारत का दर्शन हो रहा है। पहले जय श्री राम का नारा लगाने पर लाठियां बरसती थीं, अब दुनिया अयोध्या धाम दर्शन करने पधार रही है। उन्होंने कहा कि 2024 का एक ही संकल्प होना चाहिए और वह है मोदी सरकार। योगी ने जौनपुर वासियों को संकल्प दिलाया कि फिर एक बार-मोदी सरकार।



## प्रधानमंत्री मोदी ने लचित बोड़फूकन की 125 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**जोरहाट (असम)/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्वी असम के जोरहाट में 'अहोम सेनापति' लचित बोड़फूकन के समाधि स्थल पर उनकी 125 फुट ऊंची कांसे की प्रतिमा का शनिवार को अनावरण किया। इस 'स्टैच्यू ऑफ वेलर' (वीरता की प्रतिमा) की ऊंचाई 84 फुट है और इसे 41 फुट की चौकी पर स्थापित किया गया है। इससे यह संरचना 125 फुट ऊंची हो गई है। प्रधानमंत्री ने टोक के समीप होलोंगापार में लचित बोड़फूकन मैदाम डेवलेपमेंट प्रोजेक्ट में इस प्रतिमा का अनावरण किया। 16.5 एकड़ से अधिक के इस क्षेत्र का विकास एक पर्यटक स्थल के रूप में किया जा रहा है जो क्षेत्र के इतिहास को दर्शाता है।

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने फरवरी 2022 में इस प्रतिमा की नींव रखी थी। लचित बोड़फूकन अहोम साम्राज्य (1228-1826) के एक महान सेनापति थे।

उन्हें 1671 की ''सरायघाट की लड़ाई' में उनके नेतृत्व के लिए जाना जाता है जिसमें राजा रामसिंह-प्रथम के नेतृत्व में असम को वापस हासिल करने के लिए शक्तिशाली मुगल सेना के प्रयास को विफल कर दिया गया था।

## युवाओं पर राष्ट्र-विरोधी प्रवृत्तियों को खत्म करने की जिम्मेदारी है : धनखड़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि मौजूदा दौर में भारतीय विधायिका में भी राष्ट्र-विरोधी बातें की जाती हैं और युवाओं पर देश के हितों के खिलाफ काम कर रही इन प्रवृत्तियों को खत्म करने की जिम्मेदारी है।

श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (एसआरसीसी) के बहुउद्देशीय स्टेडियम का नाम पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली के नाम पर रखने के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए धनखड़ ने कहा, आज लोकतंत्र के सबसे पवित्र स्थल भारतीय विधायिका में भी कुछ राष्ट्र-विरोधी बातें की जाती हैं। कुछ ऐसे वर्ग हैं, जो हमें चिंता में डालते हैं। हमें यह समझना चाहिए कि राष्ट्रवाद कोई विकल्प नहीं है। इसके लिए 100 प्रतिशत प्रतिबद्धता की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, युवाओं को देश हित के खिलाफ काम कर रहीं इन प्रवृत्तियों को खत्म करना होगा। धनखड़ ने



कॉरपोरेट वर्ग से देश के आर्थिक राष्ट्रवाद में योगदान देने और भारत की वैश्विक नेता के रूप में उभरने में मदद करने का अनुरोध किया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिवंगत नेता जेटली की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें उनकी पार्टी और राजनीतिक विचारधारा से परे सभी लोगों ने प्यार दिया और स्वीकार किया तथा उन्होंने अपने संस्थान एसआरसीसी के विकास में काफी योगदान दिया। स्टेडियम के नामकरण समारोह में जेटली की पत्नी संगीता जेटली, उपराष्ट्रपति धनखड़ की पत्नी सुदेश धनखड़ और दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति योगेश सिंह भी मौजूद थे।

## असम की चाय ने पूरी दुनिया में अपनी जगह बना ली है : प्रधानमंत्री मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**काजीरंगा (असम)/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान के निकट एक चाय बागान को देखने गए और कहा कि असम में उत्पादित चाय ने पूरी दुनिया में अपनी जगह बना ली है। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, असम अपने शानदार चाय बागानों के लिए जाना जाता है और असम की चाय ने पूरी दुनिया में अपनी जगह बना ली है। मैं चाय बागान समुदाय की सराहना करना चाहूंगा, जो कड़ी मेहनत कर रहा है और दुनियाभर में असम की प्रतिष्ठा बढ़ा रहा है। मैं पर्यटकों से राज्य के दौरे के दौरान इन चाय बागानों पर जाने का भी आग्रह करता हूं।


प्रधानमंत्री की इस पोस्ट के जवाब में मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 200 वर्षों में पहली बार, जब से असम चाय अस्तित्व में आई है, हमारा चाय बागान समुदाय परिवर्तनकारी विकास का अनुभव कर रहा है -प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दृढ़ नेतृत्व के कारण नए स्कूलों, अस्पतालों, उच्च वेतन और बेहतर अवसरों तक पहुंच संभव हो सकी है।

## लोकसभा चुनाव संविधान और लोकतंत्र को बचाने वाला : अखिलेश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

लखनऊ/भाषा। समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव ने शनिवार को आगामी लोकसभा चुनाव को संविधान और लोकतंत्र को बचाने वाला चुनाव बताया। यादव ने यहां पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से कहा, यह संविधान बचाने का चुनाव है। यह लोकतंत्र बचाने का चुनाव है। यह आरक्षण बचाने और अपना सम्मान बचाने का चुनाव है।

उन्होंने कहा, एक समय 'समुद्र मंथन' हुआ था। अब यह 'संविधान मंथन' का समय है। एक तरफ, वे लोग हैं जो संविधान की रक्षा करना चाहते हैं, और दूसरी तरफ, वे लोग हैं जो संविधान को खत्म करना चाहते हैं। सपा प्रमुख ने यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता भव्य स्वागत भी करती है और शानदार विदाई भी देती है। यादव ने कहा, जो लोग 2014 में



(सत्ता में) आए थे, वे 2024 में (सत्ता से बाहर) जाने वाले हैं। कभी, 10 साल हिटलर का समय था। वह वहां 10 साल से ज्यादा नहीं रह सका। तो, अब इनके भी (स्पष्ट रूप से प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की ओर इशारा करते हुए) 10 साल भी पूरे हो गए हैं।

एडॉल्फ हिटलर दो अगस्त 1934 से 30 अप्रैल 1945 तक जर्मनी का फ्यूहरर था। वह 30 जनवरी 1933 से 30 अप्रैल 1945 तक जर्मनी के चांसलर रहा।

सपा प्रमुख ने नवनियुक्त मंत्री ओम प्रकाश राजभर (उनका नाम लिए बिना) पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जब तक उन्हें विभाग आवंटित किया जाएगा और प्रमुख सचिव नियुक्त किया जाएगा, तब तक चुनाव हो जाएंगे।

## 'पीएम मोदी की बंगाल यात्राओं से भाजपा की ओर नहीं आकर्षित होंगे मतदाता'



**कोलकाता/भाषा।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पश्चिम बंगाल का लगातार दौरा करने से राज्य के मतदाता भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर आकर्षित नहीं होंगे। पार्टी ने कहा कि इसके बजाय, मोदी के ये दौरे भाजपा को अस्वीकार करने के मतदाताओं के संकल्प को मजबूत करेंगे। तृणमूल के नेता कुणाल घोष ने कहा, पहले भी प्रधानमंत्री ने बंगाल का लगातार दौरा किया है और इस बार भी कुछ अलग नहीं होगा। ऐसी यात्राओं से भाजपा को वांछित परिणाम नहीं मिलेंगे। इसके विपरीत, मोदी और गृह मंत्री अमित शाह जितना अधिक राज्य का दौरा करेंगे, उतना ही यह रेखांकित होगा कि भाजपा कैसे भ्रष्ट और गलत प्रेरणा वाले लोगों को बढ़ावा दे रही है। हालांकि, भाजपा ने घोष के दावों को अधिक महत्व देने से इनकार कर दिया। भाजपा नेता समिक भट्टाचार्य ने कहा, इस प्रकार की टिप्पणियां टीएमसी खेमे में घबराहट को दर्शाती हैं। कुणाल घोष ने राजनीति से कथित तौर पर प्रेरित फैसलों के लिए पूर्व न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय की भी आलोचना की और विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी को 'भ्रष्ट गद्दार' करार दिया। राज्य में मोदी का शनिवार का दौरा हाल के दिनों में इस क्षेत्र की उनकी तीसरी यात्रा है।



## सोनिया और लालू का एकमात्र लक्ष्य अपने-अपने बेटों को प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री बनाना : शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पटना/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस की नेता सोनिया गांधी और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद का एकमात्र लक्ष्य अपने-अपने बेटों को क्रमश: प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री बनाना है।

शाह ने पटना के पालीगंज प्रखंड में भाजपा के ओबीसी मोर्चा द्वारा आयोजित पिछड़ा-अतिपिछड़ा महासम्मेलन में संबोधन में प्रधानमंत्री के हालिया बिहार दौरे का जिक्र करते हुए कहा, अभी-अभी मोदी जी आए थे, उन्होंने देश भर में दो लाख करोड़ रुपए से ज्यादा विकास योजनाओं का उद्घाटन एवं लोकार्पण किया है। मगर मोदी जी को बिहार की जनता की ओर से एक विशेष बात के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। इतने सालों से कांग्रेस पार्टी और लालू प्रसाद यादव जी सत्ता में रहे, लेकिन उन्होंने कर्पूरी ठाकुर जी का सम्मान नहीं किया। बिहार के पिछड़ा वर्ग के हितैषी और बिहार के जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने का काम हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी ने किया है। उन्होंने आरोप लगाया, कांग्रेस पार्टी ने हमेशा अपने परिवार का सम्मान किया। लालू जी ने भी पूरा जीवन पिछड़ों के नाम पर अपने परिवार के लिए जीया। शाह ने आरोप लगाया, कांग्रेस की नेता सोनिया गांधी का एकमात्र लक्ष्य राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना है। लालू जी का एकमात्र लक्ष्य बेटे को मुख्यमंत्री बनाना है। मुझे बताइए, जो बेटे-बेटियों को प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री बनाना चाहते हों, वे आपके बेटे का भला कर सकते हैं क्या। उन्होंने कहा, पिछड़ा, अति पिछडा वर्ग, गरीब और दलित का अगर कोई भला कर सकता है तो केवल और केवल नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी कर सकती है, इसलिए हमने कई प्रकार के काम गरीबों के लिए किया है। नरेन्द्र मोदी ने 10 साल के अंदर पिछड़ा, अति पिछडा वर्ग के लिए ढेर सारे काम किए हैं। लालू जी जिसकी गोदी में बैठे हैं, उस कांग्रेस पार्टी ने हमेशा पिछड़ा, अति पिछडा वर्ग का अपमान किया।

## पुलिस ने अवैध हथियार बनाने की फैक्टरी का भंडाफोड़ कर आरोपी को गिरफ्तार किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हापुड़ (उप्र)/भाषा।** हापुड़ जिले के कपूरपुर थानाक्षेत्र में पुलिस ने नरेना गांव के जंगल में अवैध हथियार बनाने वाली एक फैक्टरी का भंडाफोड़ करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार करने का दावा किया है।

अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि धौलाना थाना क्षेत्र के बझैड़ा कला गांव के निवासी जावेद काफी समय से जंगल में एक खंडहरनुमा बिल्डिंग में अवैध हथियार बनाने का धंधा कर रहा था।

उन्होंने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने वहां छापा मारकर जावेद को अवैध हथियार बनाते हुए गिरफ्तार कर लिया। एएसपी ने बताया कि आरोपी जावेद के पास से पुलिस ने 10 अवैध तमंचे, एक राइफल, एक बंदूक तथा एक अधबना तमंचा, कारतूस तथा हथियार बनाने का औजार, मशीन बरामद की है।

उन्होंने कहा कि जावेद शातिर किस्म का अपराधी है और तमंचे को पांच से सात हजार रुपए, राइफल को 15 से 20 हजार रुपए और बंदूक 10 से 12 हजार रुपए में बेचता है। जावेद के खिलाफ पूर्व में भी आपराधिक मामले दर्ज है।

## राहुल गांधी ऐसी सीट से चुनाव लड़ें जहां सीधा भाजपा से मुकाबला हो : डी राजा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के महासचिव डी राजा ने शनिवार को कहा कि राहुल गांधी के कद के नेता को आगामी लोकसभा चुनाव में ऐसी सीट से चुनाव लड़ना चाहिए जहां वह सीधे सत्तारूढ़ भाजपा को चुनौती दे सकें। बहरहाल, उन्होंने यह भी कहा कि यह तय करना कांग्रेस का विशेषाधिकार है कि वह किस सीट से किसे खड़ा करेगी।

कांग्रेस ने शुक्रवार को यह घोषणा की कि राहुल गांधी अप्रैल-मई में प्रस्तावित संसदीय चुनाव केरल में वायनाड से लड़ेंगे, जिसके बाद डी राजा ने यह टिप्पणी की है। राहुल अभी लोस में वायनाड सीट का ही प्रतिनिधित्व करते हैं। डी राजा की पत्नी और भाकपा नेता एनी राजा को वायनाड से वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) की तरफ से उम्मीदवार बनाया गया है। राहुल को वायनाड से उम्मीदवार बनाने के कांग्रेस के निर्णय के बारे में पूछे जाने पर राजा ने कहा, एलडीएफ के तहत भाकपा को चुनाव में चार सीटें मिली हैं और वायनाड उनमें से एक है इसलिए हमने उम्मीदवार घोषित कर दिया है। दूसरी बात है कि यह किसी भी राजनीतिक दल का विशेषाधिकार है कि वह किस निर्वाचन क्षेत्र से किसे उम्मीदवार बनाए।

## रोहित की कप्तानी में खिलाड़ियों को निखरते देखकर अच्छा लगा : द्रविड़



**धर्मशाला/भाषा।** बेन स्टोक्स की 'बैजबॉल' शैली के सामने रोहित शर्मा की कप्तानी का उतना चर्चा नहीं था लेकिन भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने खुशी जताई कि खिलाड़ियों ने उसकी कप्तानी में शानदार प्रदर्शन किया। रोहित की कप्तानी में भारत ने कभी बड़े दावे नहीं किए लेकिन बेहतरीन ढंग से उस इंग्लैंड टीम को पांच मैचों की श्रृंखला में 4 . 1 से हराया जिसकी अति आक्रामक 'बैजबॉल' शैली के चर्चे यत्र तत्र सर्वत्र थे।

द्रविड़ ने पांचवां टेस्ट जीतने के बाद प्रसारकों से कहा, ऐसी शानदार टीम के साथ काम करना सौभाग्य की बात है। मैं उनसे सीखता रहता हूं। रोहित शानदार कप्तान है और खिलाड़ियों को उसकी कप्तानी में निखरते देखकर अच्छा लगा। द्रविड़ ने कहा कि इस श्रृंखला में कई शानदार पल आए लेकिन निजी आपात स्थिति से रविचंद्रन अश्विन का लौटकर आना और खेलना इस टीम का जज्बा बयां करता है। उन्होंने कहा, अश्विन उन हालात में लौटकर आया और खेला। वह टीम की जीत में योगदान देना चाहता था। यह इस टीम का जज्बा बयां करता है। उन्होंने कहा, मेरे लिए वह श्रृंखला का सबसे बड़ा पल था। एक कोच के रूप में इस तरह का माहौल देखकर खुशी होती है।

# भारत ने श्रृंखला 4-1 से जीती, इंग्लैंड की 'बैजबॉल' शैली पर लगाया प्रश्नचिन्ह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**धर्मशाला/भाषा।** रविचंद्रन अश्विन ने अपने 100वें टेस्ट मैच में पारी में पांच विकेट लेने का कारनामा किया जिससे भारत ने इंग्लैंड को पांचवें और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन ही शनिवार को यहां पारी और 64 रन से करारी शिकस्त देकर उसकी आक्रामक अंदाज ने खेलने की 'बैजबॉल' शैली पर भी प्रश्न चिन्ह लगा दिया।




भारत ने इस तरह से पांच मैच की श्रृंखला 4-1 से जीती। यह 'बैजबॉल' शैली अपनाने के बाद इंग्लैंड की सबसे बड़ी हार है। इंग्लैंड की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 218 रन पर आउट हो गई थी जिसके जवाब में भारत ने 477 रन बनाकर 259 रन की बढ़त हासिल की। इंग्लैंड की टीम अपनी दूसरी पारी में तीसरे दिन दूसरे सत्र में ही 195 रन पर सिमट गई। उसके अधिकतर बल्लेबाजों ने गैर जिम्मेदाराना शॉट खेल कर अपने विकेट इनाम में दिए। पहली पारी में चार विकेट लेने वाले अश्विन ने दूसरी पारी में 77 रन देकर पांच विकेट लिए। इंग्लैंड की तरफ से जो रूट ने सर्वाधिक 84 रन बनाए। भारत श्रृंखला पहले ही अपने नाम कर चुका था लेकिन वह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के महत्वपूर्ण अंक हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध था। भारत के लिए यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि उसने यह विराट कोहली और मोहम्मद शमी जैसे सीनियर खिलाड़ियों की गैर मौजूदगी में हासिल की। ऐसे में यशस्वी जयसवाल जैसे खिलाड़ियों ने मौके का पूरा फायदा उठाया। अश्विन ने सुबह के सत्र में चार विकेट लेकर भारत की जीत सुनिश्चित कर दी थी। इंग्लैंड ने लंच तक पांच विकेट पर 103 रन बनाए थे। भारतीय गेंदबाजों ने बाकी बचे पांच विकेट दूसरे सत्र में हासिल किए। भारत ने पहली पारी में केवल चार रन जोड़कर दो विकेट गंवाए।

## रणजी ट्राफी में सफलता के लिए 'हाई प्रोफाइल' कोच की जरूरत नहीं : अजिंक्य रहाणे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** मुंबई रणजी ट्राफी टीम के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने शनिवार को अपने मुख्य कोच ओंकार साल्वी की प्रशंसा के पुल बांधते हुए कहा कि सफलता दिलाने के लिए कोच का 'हाई प्रोफाइल' होना जरूरी नहीं है। रणजी ट्राफी फाइनल में प्रतिद्वंद्वी विदर्भ की टीम के कोच उस्मान गनी भी ज्यादा मशहूर नहीं हैं।

मुंबई की टीम अपना 48वां रणजी ट्राफी फाइनल खेल रही है और 80 से ज्यादा टेस्ट के अनुभवी रहाणे ने कहा कि जो कोच 'हाई प्रोफाइल' नहीं हैं, वे भी अपनी भूमिका बेहतरीन ढंग से निभा रहे हैं। उन्होंने कहा, यह दिखाता है कि



आपको टीम के लिए 'हाई प्रोफाइल' कोच रखने की जरूरत नहीं है। आप 'लो प्रोफाइल' (कम मशहूर) रहकर भी अपना काम कर सकते हो और प्रत्येक खिलाड़ी से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करा सकते हो। ओंकार ने वास्तव में अच्छा काम किया है। उन्हें उतना अनुभव है।

इस 35 साल के खिलाड़ी ने कहा, वह (साल्वी) पहले भी मुंबई टीम के साथ थे लेकिन अलग भूमिका (गेंदबाजी कोच) में थे। लेकिन अब वह मुख्य कोच हैं, उनकी यात्रा मई के अंत में या पिछले साल जून के अंत में शुरू हुई। उन्होंने प्रत्येक खिलाड़ी के साथ जो काम किया, हर खिलाड़ी का ध्यान रखा और उसके प्रदर्शन पर नजर रखी, वह शानदार है।

रहाणे को लगता है कि भारत के घरेलू सर्किट में 'लो प्रोफाइल' कोच खिलाड़ियों को खेलने की आजादी और अहमियत देते हैं। उन्होंने कहा, विदर्भ के कोच के साथ भी यही बात है, वह भी काफी 'लो प्रोफाइल' है। ऐसे कोच होना अच्छा है। वे खिलाड़ियों को अहमियत देते हैं। वे खिलाड़ियों को आजादी देते हैं। रहाणे ने कहा, यह भारतीय क्रिकेट कोच के लिए अच्छा संकेत है। 'लो प्रोफाइल' कोच भी टीम के लिए अपना काम कर सकते हैं।

## सुविचार

हाथों की लकीरों पर ज़्यादा विश्वास नहीं किया करो, क्योंकि नसीब उनका भी होता है, जिनके हाथ नहीं होते।

## ट्वीट

संसदीय क्षेत्र के रामगंजमंडी में दिव्यांगजन व वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण भेंट किए। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दिव्यांग व वरिष्ठजनों के लिए कई ऐसे कार्यक्रम और कानून बने हैं, जिनकी मदद से उन्हें सम्मान के साथ उनका अधिकार भी मिल रहा है।



-ओम बिरला

क्या हमने कभी सोचा है कि गरीब कौन हैं? कितने हैं और किस स्थिति में है? क्या इन सभी की गिनती ज़रूरी नहीं? बिहार में हुई जातिगत गिनती से पता चला कि गरीब आबादी के 88% लोग दलित, आदिवासी, पिछड़े और अल्पसंख्यक समाज से आते हैं।



-राहुल गांधी

## कहानी

पुष्पेश कुमार पुष्प
मोबाइल : 09135014901

# पीपल की छांव में



शहर के चौराहे पर लगा वह पीपल का पेड़ हर आने – जाने वाले को अपनी शीतलता प्रदान करता। हर कोई उसकी छांव में कुछ पल बिताकर परम आनंद की अनुभूति करता। यही कारण था कि शाम के समय लोग पीपल के पेड़ के नीचे बने चबूतरे पर बैठकर उसके मीठे–मीठे झोंकों का आनंद उठाते। रामशरण बाबू भी अपने तमाम परेशानियों को हृदय के किसी कोने में दबाये इसकी छांव में बैठा करते थे। सब कुछ होने के बावजूद उनके पास था ही क्या? सिवाय दर्द, घुटन और टूटन के।

वे अकेले बैठे रहते और उन्हें एहसास होता मानो अपने किये कर्मों की सजा भुगत रहे हैं। लोग उनके पास बैठना, तो दूर उनसे अपनी नजरें चुरा रहे थे। इस बुढ़ापे में यह एकाकीपन उन्हें काफी खलता था। वे चाहते थे कि लोग उनके पास आकर बैठे। उनके साथ अपना दुख – सुख बांटे, लेकिन उनका दुख – दर्द सुनने वाला कोई नहीं था। जिसके लिए गलत काम किया, वे भी तो उन्हें बुढ़ापे का दर्द झेलने को छोड़ गये। वे पीपल की छांव में अकेले बैठे अपने अतीत को याद कर रहे थे। एक समय था जब वे अपने आगे किसी को कुछ नहीं समझते थे। मोहल्ले के लोगों से भी बात नहीं करते थे, क्योंकि वे एक अधिकारी थे और अपने से नीचे के लोगों से बात करना उनकी प्रतिष्ठा के खिलाफ था। लोगों से उनकी दूरियां बढ़ती ही गयी। मोहल्ले के लोग भी उनके यहां आया – जाया नहीं करते थे। मोहल्ले में रहने के बावजूद वे सबसे अलग रहते थे। ऑफिस में भी किसी से प्रेम और लगाव नहीं था। पैसों के आगे वे किसी को अहमियत नहीं देते थे। पैसा ही उनके लिए सब कुछ था। पैसों की चाह में वे अपनी पत्नी और बच्चों से भी दूर होते चले गये। उनका एक ही मकसद था। वह था पैसों के बल पर जीवन का आनंद उठाना। पैसों के बल पर गरीब और मजबूर लड़कियों की इज्ज़त के साथ खेलते रहे। ऐय्याशी ही उनकी जिंदगी बन गयी थी और वह कई – कई दिन घर भी नहीं आते थे।

उनकी पत्नी सरला को इस बात का एहसास हो गया था और उसने कई बार उन्हें समझाने का प्रयास किया – आप जो कर रहे हैं, वह सही नहीं है। इसका असर हमारे बच्चों पर भी पड़ेगा। दुनिया में सब कुछ पैसा ही नहीं है। घर – परिवार भी मायने रखता है। कई – कई दिनों तक घर नहीं आना और न जाने किसके साथ .....। इतना सुनते ही रामशरण बाबू अपनी पत्नी पर बरस पड़े – औरत घर की शोभा होती है। उसे घर के कामों से मतलब होना चाहिए, न कि पति बाहर क्या करता है? तुम मेरी जिंदगी में दखल मत दो। अपने काम से मतलब रखो। तुम्हें किसी चीज की कमी है क्या? कुछ पाने के लिए बहुत कुछ खोना पड़ता है। तुम्हारी भलाई इसी में है कि तुम मेरी निजी जिंदगी में टांग मत अड़ाओ। बच्चों के भविष्य के बारे में तुम्हें चिंता करने की आवश्यकता नहीं। उनके लिए इतना बना दिया है कि कुछ नहीं भी करेंगे तो उनकी जिंदगी आराम से कट जाएगी।

उनकी पत्नी बिना कुछ बोले आंसू बहाते हुए अपने कमरे में चली गयी।

रामशरण बाबू के तीन बेटे थे अमन, सुमन और सुधीर। रामशरण बाबू ने उन तीनों की शिक्षा – दीक्षा पर पानी की तरह पैसा बहाया था। वे तीनों कुछ न बन सके। उनकी अर्जित संपत्ति पर तीनों ऐय्याशी कर रहे थे। रामशरण बाबू अपनी ही दुनिया में मस्त थे और इधर ये तीनों अपनी दुनिया में। बड़ा बेटा अमन भी रोज रात में शराब पीकर आता, तो सुमन और सुधीर अपने दोस्तों के साथ सारी रात होटलों में ऐय्याशी करता।

एक दिन अमन मोहल्ले की एक लड़की हेली के साथ दिन दहाड़े जबरदस्ती करने लगा। हेली के चीखने–चिल्लाने पर मोहल्ले के लोग उस ओर दौड़े और अमन के चुंगल से हेली को छुड़ाया। उसे मारते–पीटते इससे पहले वहां पुलिस पहुंच गयी और उसे लोगों के चुंगल से छुड़ाकर थाने ले आयी।

जैसे ही इस बात की जानकारी रामशरण बाबू को हुई, वे फौरन थाने पहुंच गये। अपने पैसे और रुतबे के बल पर उसे थाने से छुड़ाकर इस शहर से बाहर भेज दिया। लेकिन शाम को मोहल्ले के लोग हेली को साथ लिए उनके घर के आगे धरने पर बैठ गये और जोर–शोर से नारे लगने लगे– यह गुंडागर्दी नहीं चलेगी। हमें इंसाफ चाहिए। गुंडागर्दी को सह देने वाले होश में आओ। गरीब की बहू–बेटियों की इज्ज़त पर हाथ डालने वाले को सजा दो।

लोगों के नारे सुनकर रामशरण बाबू घर के बाहर आये और बोले– कैसा इंसाफ और कैसी सजा? तुम जैसी लड़कियों को मैं अच्छी तरह जानता हूं। तुम्हारी जैसी लड़कियां पैसों की खातिर कुछ भी कर सकती है। तुम जैसे लड़कियां सड़क के फुटपाथ पर अपने तन बेचने के लिए भटकती रहती हैं और अगर मेरे बेटे ने तुम्हारे शरीर को छू दिया, तो कौन – सा बड़ा गुनाह कर दिया। अमीरों के बेटों को पहले अपने प्यार के जाल में फंसाना और फिर उसे ब्लैक मेल करना इन गरीब की बेटियों का पेशा है। इंसाफ के नाम पर क्यों इसकी बची – खुची इज्ज़त उतारने पर तुम लोग तुले हो? मेरे बेटे को कुछ नहीं होगा, लेकिन इस लड़की इज्ज़त जरुर उतर जाएगी। तुम लोगों की भलाई इसी में है कि बीती बातों को भुलाकर चुपचाप इस लड़की को लेकर निकल जाओ। तुम पैसों की खातिर ही न मेरे बेटे को फंसा रही हो। बताओ तुम्हें कितना रुपया चाहिए। मैं दूंगा। क्यों कोर्ट – कचहरी के चक्कर में अपनी इज्ज़त उतरना चाहती हो? कानून की नजरों में मेरा बेटा, तो बच जाएगा, लेकिन तुम किसी को अपना मुंह दिखाने लायक भी नहीं रहोगी। घर में खाने में दाने नहीं और चले आये इंसाफ मांगने।

उनकी बातें सुनकर हेली गुस्से ले कांप गयी और बोली – भले ही हम गरीब हैं, लेकिन गरीब का भी अपना ईमान – धर्म होता है। हर गरीब की बेटी अपने तन का सौदा नहीं करती, बल्कि आप जैसे लोग उसकी मजबूरी का फायदा उठाते हैं। आपकी नजरों में भले ही हमारी कोई इज्ज़त नहीं, लेकिन हम अपने मान – सम्मान से समझौता नहीं करते। अमीरों का शौक ही है गरीबों की इज्ज़त से खेलना। उसकी आवाज को दबा देना। लेकिन यही शौक एक दिन उसकी बर्बादी का कारण बनता है। आप भले ही पैसे और रुतबे के बल पर अपने बेटे को कानून की नजरों से बचा लिया, लेकिन आपका यह कुकर्म एक दिन आपके ही सिर खेलेगा। आप उसे किस–किस से बचायेंगे। कोई न कोई उसे उसकी किये कि सजा देकर ही रहेगा। आप हर किसी की आवाज को नहीं दबा सकते। मैं बिकाऊं नहीं हूं, जो आप मुझे दौलत से खरीद लेंगे। आपकी दौलत आपको ही मुबारक। आपकी खोखली इज्ज़त एक दिन रेत के महल की तरह भरभराकर ढह जाएगी। इतना कहकर हेली अपनी आंखों में आंसू लिए वहां से निकल गयी। साथ ही लोगों की भीड़ भी उन्हें बद्दुआ देते हुए छंटने लगी।

इस प्रकार अमन का मनोबल बढ़ता ही गया। दौलत के नशे में चूर रामशरण बाबू अपने बच्चों के गलत कार्यों पर पर्दा डालते रहे। एक दिन अमन शहर के दबंग अमरजीत सिंह की बेटी डोली को बीच सड़क पर छेड़ने लगा। डोली उसे काफी समझाने का प्रयास की, लेकिन अमन उसकी बातों को दरकिनार कर उसे अपनी बांहों में भर लिया। डोली उसे जोर से धक्का दी और वह दूर जा गिरा। डोली वहां से भागी और इस बात की जानकारी मोबाइल से अपने पिता को दी। अमरजीत सिंह अपने आदमियों को आदेश दिया कि फौरन जाओ और उस हरामजादे को पकड़कर मेरे सामने लाओ। उसके आदमियों ने तुरंत जाकर उसे पकड़ लिया। उसे अमरजीत सिंह के सामने खड़ा कर दिया।

अमरजीत सिंह मुस्कुराते हुए बोल – तू तो मुझसे भी बड़ा गुंडा है। क्या तेरी मां–बहन नहीं है, जो राह चलती लड़कियों की इज्ज़त के साथ खेलता है? आज तूझे इसकी सजा मिलेगी। ऐसी सजा दूंगा कि फिर कभी कोई अमीर का औलाद गरीब और बेबस लड़कियों की इज्ज़त के साथ खेलने की हिम्मत नहीं करेगा। अमीरों की औलाद की फितरत ही है मजबूर लड़कियों की इज्ज़त के साथ खेलना। यह अमीरों का शौक है न ! लगता है तुम्हारे मां –बाप ने तुम्हारी परवरिश सही ढंग से नहीं की है। तभी तो तुम में संस्कार नाम की कोई चीज नहीं है। आज तुमने अमरजीत सिंह की बेटी की इज्ज़त पर हाथ डालने का प्रयास किया है। तुझे ऐसी मौत दूंगी की तुम्हें ले जाने के पहले यमराज की भी रुह कांप जाएगी। यह सुनते ही अमन का सारा नशा उतर गया। वह अमरजीत सिंह के पैरों पर गिर गया और अपने जीवन की भीख मांगते हुए बोला– मुझे माफ कर दीजिए। मुझसे गलती हो गयी। अब मैं किसी लड़की को गंदी निगाहों से नहीं देखूंगा। मुझे अपनी भूल का एहसास हो गया है। मुझ पर दया कीजिए।

तुम पर दया करने का मतलब है, अपने आपको धोखा देना। ले जाओ इसे मेरी नजरों के सामने से, और उसके आदमियों ने उसे लेकर चले गये। अगले दिन अमन की लाश क्षत–विक्षत अवस्था में नदी किनारे मिली। वीभत्स तरीके से उसकी हत्या की गयी थी। उसकी हत्या की खबर मिलते से रामशरण बाबू की पत्नी पक्षाघात की शिकार हो गयी। उनके सारे अंग काम करना बंद कर दिये। वह जिंदा लाश बन बिस्तर पकड़ लीं। रामशरण बाबू पर भी इस घटना का अप्रत्याशित प्रभाव पड़ा। उनकी सारी हेकड़ी गुम हो गयी। अब उन्हें अपनी परवरिश पर पश्चाताप होने लगा। दूसरों का शोषण करने वाले रामशरण बाबू ही शोषण के शिकार हो गये। जीवन की वास्तविकता और बड़े–छोटे का एहसास हो गया। अमन की लाश को कंधा देने के लिए मोहल्ले के लोग जुट गये थे, जिन्हें वे अपने सामने तुच्छ समझते थे। आज वे ही उनके सामने ढाल बनकर खड़े थे। रामशरण बाबू अमन की वीभत्स हत्या से भीतर ही भीतर टूट गये। अब उन्हें यह जिंदगी नीरस लगने लगी। रामशरण बाबू नौकरी से रिटायर हो गये। अब उनके सामने सुमन और सुधीर समस्या बनकर खड़ा था। अपने बच्चों को जो संस्कार देना चाहिए था, वे नहीं दे पाए। वे दोनों भी कुछ न सके। बस रामशरण बाबू की पेंशन पर ऐय्याशी कर रहे थे लेकिन रास्ता भटके सुमन और सुधीर इतनी आसानी से कैसे सही रास्ते पर आ जाते? उन्हें सुधारने का उनका प्रयास विफल रहा। एक दिन नशे में धुत सुमन दुर्घटना का शिकार हो गया। अस्पताल से फोन आया था। रामशरण बाबू फौरन अस्पताल की ओर भागे।

अस्पताल में डॉक्टर ने बताया कि सिर में काफी गहरी चोट लगी है। काफी खून बह गया है। उसका बचना मुश्किल ही है। जितना हो सकता है, मैं कर रहा हूं। आगे ईश्वर ...। इतना सुनते ही रामशरण बाबू गिड़गिड़ाते हुए बोले – चाहे जितना रुपया खर्च हो, लेकिन उसकी जान बचा लीजिए। और वे डॉक्टर के पैरों पर गिर गये। डॉक्टर उन्हें उठाते हुए बोले – मैं अपनी तरफ से पूरी कोशिश कर रहा हूं। आप ईश्वर से प्रार्थना कीजिए। इतना कहकर डॉक्टर ऑपरेशन थियेटार की ओर बढ़ गये।

सुमन बच गया, लेकिन विक्षिप्त हो गया। रामशरण बाबू एक जिंदा लाश को पहले ही ढो रहे थे। इस बुढ़ापे में अब उन्हें दूसरे जिंदा लाश को ढोना पड़ेगा। अब उनको सुधीर से ही आशा थी कि वह उनके बुढ़ापे का सहारा बनेगा, लेकिन वह उसे भी तो आवारा बना दिये थे। उससे उम्मीद करना ही बेकार था। रामशरण बाबू की जिंदगी खुद ही बोझ बन गयी थी। पत्नी और बेटे की सेवा – सुश्रुषा उन्हें ही करनी पड़ती थी। सुधीर अपनी ही दुनिया में मस्त था। काम – धाम करता था नहीं, बस रामशरण बाबू की पेंशन पर ऐय्याशी कर रहा था।

रामशरण बाबू ने काफी सोच – विचार के बाद निश्चय कर लिया कि घर में बहू आनी चाहिए, ताकि इस भाग – दौड़ की जिंदगी से कुछ आराम मिले। उन्होंने अपने विक्षिप्त बेटे सुमन के लिए लड़की तलाश करने लगे और काफी प्रयास के बाद एक गरीब की बेटी को सुमन से शादी करने के लिए तैयार कर लिया। सुमन की शादी काफी धूमधाम से हुई। अब उन्हें एहसास होने लगा कि उनके जीवन में ठहराव और सुख के पल आने वाले हैं। बहू घर की देख – भाल के साथ अपने पति और सास की सेवा करेगी। लेकिन हुआ ठीक उल्टा। अच्छी–भली लड़की भला एक पागल को अपना पति कैसे स्वीकार करती? उसने विद्रोह का झंडा बुलंद कर दिया। उसने साफ–साफ शब्दों में कह दिया– आपने मेरे साथ धोखा किया है। एक पागल के साथ मैं अपनी जिंदगी नहीं व्यतीत कर सकती। यदि मैं जानती कि आप अपने पागल बेटे के साथ मेरी शादी करा रहे हैं, तो मैं यह शादी कदापि नहीं करती। मैं उसे अपना पति नहीं मानती।

रामशरण बाबू के काफी समझाने के बाद भी वह उसे अपना पति मनाने से साफ इंकार कर दी। रामशरण बाबू के अरमानों पर पानी फिर गया। वे फिर से पत्नी और बेटे की सेवा में जुट गये। उन्हें एहसास हो गया था कि यह उनके कर्मों का फल है, जिसे उन्हें भुगतना ही होगा।

एक दिन सुधीर सुमन की पत्नी के साथ घर से भाग गया। फिर वे दोनों कभी लौटकर नहीं आये। रामशरण बाबू पर मानो दुखों का पहाड़ टूट गया। कभी ऐय्याशी भरा जीवन जीने वाले रामशरण बाबू के जीवन में दुख ही दुख था। पत्नी और बेटे के लिए खाना बनाना। उन्हें नहलाना और उनकी देख भाल करना। उनकी नियति बन गयी। जीवन का आनंद लेने वाले रामशरण बाबू के जीवन में जहर घुल गया था। अब उन्हें अपना जीवन नीरस लगने लगा। उनके जीवन में दर्द, टूटन और घुटन के अलावा था ही क्या? अपने किये कर्मों का फल भुगतने के अलावा उनके पास विकल्प ही क्या था? अब उन्हें अपने किये कर्मों पर पश्चाताप हो रहा था। न जाने कितनों को सताया था। उसी सब का यह फल है कि सब कुछ होने के बाद भी उनके पास कुछ नहीं है। है तो बुढ़ापे का मर्यादाहीन अपमान और कष्ट।

तभी किसी ने उनका ध्यान भंग किया– बाबा ! घर नहीं जाओगे। काफी रात हो गयी है।

हां, भाई ! घर तो जाना ही है। वे निराश स्वर में बोले।

उन्हें घर जाने की इच्छा नहीं हो रही थी। उनकी आंखों में आंसू आ गये थे। घर में पत्नी और बेटे का असहनीय दर्द उनसे देखा नहीं जाता था। अब वे इस संसार से मुक्त हो जाना चाहते थे। अपने दायित्वों से मुक्त हो जाना चाहते थे, लेकिन अब वे चाहकर भी अपने दायित्वों से मुक्त नहीं हो सकते थे। आपार कष्ट से ही सही अपनी पत्नी और बेटे के लिए उन्हें जीना ही होगा। उनके बाद क्या होगा? यह सोचकर वे कांप जाते हैं।

वे सोचने लगते हैं कि काश ! उस समय मैं अपने दायित्वों का निर्वहन सही तरीके से करता, तो आज यह दिन देखना नहीं पड़ता। अपने अहंकार और घमंड से मुक्ति पा जाता, तो मेरा परिवार सुखी–संपन्न होता। दौलत की चकाचौंध में अंधा हो गया था। दौलत के नशे में चूर होकर अच्छे कर्म करने के बजाय बुरे कर्म करता रहा। अज्ञान की राह पर चलता रहा और आज सब कुछ खत्म हो गया। आंखें लेकिन अब जब सब कुछ बिखर गया। इस पीपल की छांव में जिंदगी के वास्तविक सच का एहसास हो गया। यह पीपल का पेड़ लोगों के मन को सुकून देता है, बदले कुछ लेता नहीं। मैं कुछ देने बदले उसके एवज में वसूलता रहा। जिंदगी में नर्क है, तो इसी धरती पर। अपने कर्मों की सजा इंसान को इसी धरती पर भोगनी पड़ती है। जिस प्रकार आज मैं भोगने को विवश हूं।

अब जाकर रामशरण बाबू को पीपल की छांव में ज्ञान प्राप्त हुआ। पहले धन – दौलत के नशे में सारे ज्ञान को दरकिनार कर जीवन जीते रहे। अब जाकर पीपल के पेड़ के नीचे ज्ञान की प्राप्ति हुई, लेकिन अब उनके कुकर्मों की भरपाई कहां होने वाली थी? अब उन्हें घुट–घुटाकर जीना होगा। दो जिंदा लाशों के बीच। और रामशरण बाबू पीपल के पेड़ के नीचे बने चबूतरे से उठकर अंधेरी रातों में अपनी आंखों में पश्चाताप के आंसू लिए चले जा रहे थे।

## संजय उवाच



संजय भारद्वाज
9890122603
writersanjay@gmail.com

# विश्वास से विष-वास तक

एक चुटकुला पढ़ने के लिए मिला। दुकान में चोरी के आरोप में मालिक के विश्वासपात्र एक पुराने कर्मी को धरा गया। जज ने आरोपी से कहा– तुम किस तरह के व्यक्ति हो? जिसने तुम पर इतना विश्वास किया, तुमने उसी के साथ विश्वासघात किया? चोर ने हँसकर उत्तर दिया– कैसी बात करते हैं जज साहब? यदि वह विश्वास नहीं करता तो मैं विश्वासघात कैसे करता?

चुटकुले से परे विचार कीजिएगा। पिछले कुछ दशकों से समाज का चित्र इसी तरह बदला है और विश्वास का फल विश्वासघात होने लगा है। अपवाद तो सर्वदा रहे हैं, तब भी वह समय भी था जब परस्पर विश्वास प्रमुख जीवनमूल्य था। महाराष्ट्र के एक वयोवृद्ध शिक्षक ने एक किस्सा सुनाया। साठ के दशक में वे ग्रामीण भाग में अध्यापन करते थे। मूलरूप से कृषक थे पर आर्थिक स्थिति के चलते शिक्षक के रूप नौकरी भी किया करते थे। उन दिनों गरीबी बहुत थी। अधिकांश लोगों की गुज़र– बसर ऐसे ही होती थी। विद्यालय में वेतन तो मिलता था पर बहुत अनियमित था। कभी–कभी दो–चार माह तक वेतन न आता। इससे घर चलाना दूभर हो जाता।

एक बार लगभग छह माह वेतन नहीं आया। स्थिति बिगड़ती गई। कुल छह शिक्षक विद्यालय में पढ़ाते थे। उनमें से एक कर्नाटक के थे। उनके घर में पत्नी के पास यथेष्ट गहने थे। उन्होंने अपनी पत्नी के गहने एक राजस्थानी महाजन के पास गिरवी रखे। उससे जो ऋण मिला, वह छहों शिक्षकों ने आपस में बांट लिया।

कर्ज़ लेने के लिए यहाँ तक तो ठीक है पर उनका सुनाया इस कथा का उत्तरार्द्ध आज के समय में कल्पनातीत है। उन्होंने कहा कि सम्बंधित महाजन भी पास के ही गाँव में रहते थे। सब एक दूसरे से परिचित थे। महाजन ने कहा, गुरु जी, अपना घर चलाने के लिए हुंडी रखकर ऋण देना मेरा व्यवसाय है। अत: गहने मेरे पास जमा रखता हूँ। लेकिन यदि घर परिवार में किसी तरह का शादी–ब्याह आए, अन्य कोई प्रसंग हो जिसमें पहनने के लिए गहनों की आवश्यकता हो तो नि:संकोच ले जाइएगा। काम सध जाने के बाद फिर जमा करा दीजिएगा। उन्होंने बताया कि हम छह शिक्षकों को तीन वर्ष लगे गहने छुड़वाने में। इस अवधि में सात–आठ बार ब्याह–शादी और अन्य आयोजनों के लिए उनके पास जाकर सम्बंधित शिक्षक गहने लाते और आयोजन होने के बाद फिर उनके पास रख आते। कैसा अनन्य, कैसा अद्भुत विश्वास!

सम्बंधित पात्रों के राज्यों का उल्लेख इसलिए किया कि वे अलग–अलग भाषा, अलग–अलग रीति–रिवाज़ वाले थे पर मनुष्य पर मनुष्य का विश्वास वह समान सूत्र था जो इन्हें एक करता था।

आज इस तरह के लोग और इस तरह का विश्वास कहीं दिखाई नहीं देता। जैसे–जैसे जीवन के केंद्र में पैसा प्रतिष्ठित होने लगा, विश्वास में विष का वास होने लगा। अमृतफल दे सकनेवाली मनुष्य योनि को विष–वास से पुन: विश्वास की ओर ले जाने का संभावित सूत्र, मनुष्यता को बचाये रखने के लिए समय की बड़ी मांग बन चुका है। इस मांग की पूर्ति हमारा परम कर्तव्य होना चाहिए।

## बोध कथा

# आधा इनाम

यह बात तब की है जब शहंशाह अकबर और बीरबल की पहली मुलाकात हुई थी। उस समय सभी बीरबल को महेश दास के नाम से जानते थे। एक दिन शहंशाह अकबर बाजार में महेश दास की होशियार से खुश होकर उसे अपने दरबार में इनाम देने के लिए बुलाते हैं और निशानी के तौर पर अपनी अंगूठी देते हैं।

कुछ समय के बाद महेश दास सुल्तान अकबर से मिलने का विचार बनाकर उनके महल की ओर रवाना हो जाते हैं। वहां पहुंचकर महेश दास देखते हैं कि महल के बाहर बहुत लंबी लाइन लगी हुई है और दरबान हर व्यक्ति से कुछ न कुछ लेकर ही उन्हें अंदर जाने दे रहा है। जब महेश दास का नंबर आया, तो उसने कहा कि महाराज ने मुझे इनाम देने के लिए बुलाया है और उसने सुल्तान की अंगूठी दिखाई। दरबान के मन में लालच आ गया और उसने कहा कि मैं तुम्हें एक ही शर्त पर अंदर जाने दूंगा अगर तुम मुझे इनाम में से आधा हिस्सा दो तो।

दरबान की बात सुनकर महेश दास ने कुछ सोचा और उसकी बात मानकर महल में चले गए। दरबार में पहुंचकर वह अपना नंबर आने का इंतजार करने लगे। जैसे ही महेश दास की बारी आई और वो सामने आए, तो शहंशाह अकबर उन्हें देखते ही पहचान गए और दरबारियों के सामने उनकी बहुत तारीफ की। बादशाह अकबर ने कहा कि बोलो महेश दास इनाम में क्या चाहिए।

तक महेश दास ने कहा कि महाराज मैं जो कुछ भी मांगूगा क्या आप मुझे इनाम में देंगे? बादशाह अकबर ने कहा कि बिल्कुल, मांगों क्या मांगते हो। तब महेश दास ने कहा कि महाराज मुझे पीठ पर 100 कोड़े मारने का इनाम दें। महेश दास की बात सुनकर सभी को हैरानी हुई और बादशाह अकबर ने पूछा कि तुम ऐसा क्यों चाहते हो।

तब महेश दास ने दरबान के साथ हुई पूरी घटना बताई और अंत में कहा कि मैंने वादा किया है कि इनाम का आधा हिस्सा मैं दरबान को दूंगा। तब अकबर ने गुस्से में आकर दरबान को 100 कोड़े लगवाए और महेश दास की होशियारी देखकर अपने दरबार में मुख्य सलाहकार के रूप में रख लिया। इसके बाद अकबर ने उनका नाम बदलकर महेश दास से बीरबल कर दिया। तब से लेकर आज तक अकबर और बीरबल के कई किस्से मशहूर हुए।

### कहानी से सीख

हमें अपना काम ईमानदारी से और बिना किसी लालच के करना चाहिए। अगर आप कुछ पाने की उम्मीद से कोई काम करते हो, तो हमेशा बुरे परिणाम का सामना करना पड़ता है, जैसे इस कहानी में लालची दरबान के साथ हुआ।



## वीर गाथा

# मेजर राजीव कुमारः आतंकवादियों के मंसूबों को किया विफल, घेरकर किया ढेर



मेजर राजीव कुमार का जन्म 22 जुलाई, 1967 को दिल्ली में हुआ था। अपनी शिक्षा पूरी करने के बाद वे बतौर कमीशन्ड अधिकारी भारतीय सेना में भर्ती हुए थे। उन्हें 6 गार्ड में शामिल किया गया था।

वे साल 1996 में जम्मू–कश्मीर के श्रीनगर में तैनात थे। वहां आतंकवादियों के खिलाफ बड़े स्तर पर अभियान चलाए जा रहे थे। मेजर राजीव ने ऐसे कई अभियानों में भाग लिया और अपनी वीरता तथा उत्कृष्ट नेतृत्व की छाप छोड़ी थी।

चार जनवरी को मेजर राजीव कुमार को दोपहर करीब 12.30 बजे खुफिया सूत्रों से सूचना मिली कि यूनिट की जिम्मेदारी वाले क्षेत्र में कुछ विदेशी आतंकवादी मौजूद हैं। सूचना का विश्लेषण करने के बाद राजीव अपने साथी जवानों के साथ जैनाकुट गांव के संदिग्ध इलाके में पहुंच गए। सेना के जवानों को अपनी ओर आते देख आतंकवादी बुरी तरह घबरा गए थे। उन्होंने जवानों की ओर गोलीबारी शुरू कर दी। इसके जवाब में जवानों ने भी गोलीबारी की। उन्होंने मेजर राजीव के आदेश पर उन सभी रास्तों को बंद कर दिया था, जिनसे आतंकवादी फरार हो सकते थे। जवानों पर अचानक एक मकान से हमला हुआ। इससे मेजर राजीव गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने इसके बावजूद मुकाबला जारी रखा और जवानों को जरूरी आदेश देते रहे। राजीव ने दोनों आतंकवादियों के फरार होने के मंसूबों को विफल करते हुए उन्हें मार गिराया।

इसके बाद वे अचेत हो गए और भारत माता की गोद में चिरनिद्रा में लीन हो गए। मेजर राजीव कुमार जैसे वीर सपूत देश के दुश्मनों की हर चाल हमेशा विफल करते रहेंगे। उन्हें शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया।

महत्त्वपूर्ण
Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law. **RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टेंडर एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता। – दक्षिण भारत राष्ट्रमत

उत्सव



सूरत में ताल समूह और सीआईओएफएफ एक अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) द्वारा शनिवार को सूरत में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय लोकगीत नृत्य उत्सव 2.0 में दुनिया भर से प्रतिभागियों ने भाग लिया।

# अराकू कॉफी पर प्रकाश डालते हुए संयुक्त राष्ट्र के नेताओं ने भारत की 'नारी शक्ति' की सराहना की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष नेताओं ने भारत की 'नारी शक्ति' की परिवर्तनकारी ताकत की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय महिलाएं अपने देश की विकास गाथा की सूत्रधार हैं। इन नेताओं ने देशभर में टिकाऊ खेती से लेकर प्रौद्योगिकी तक के क्षेत्र में भारतीय महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास की सराहना की। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन द्वारा शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम की मेजबानी की गई, जिसमें आंध्र प्रदेश की अराकू घाटी में आदिवासी समुदायों द्वारा अराकू कॉफी की खेती करने से जुड़ी विकास यात्रा पर प्रकाश डाला गया। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र में अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने कहा, वित्त और डिजिटल प्रौद्योगिकी से लेकर स्वास्थ्य, शिक्षा, अंतरिक्ष और विमानन तक, भारतीय महिलाएं अपने देश की विकास गाथा की सूत्रधार हैं... महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के प्रति भारत का समर्पण दुनिया भर के देशों के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है।

उन्होंने कहा, लैंगिक समानता को बढ़ाने, महिला सशक्तिकरण तथा अधिक न्यायसंगत और समतापूर्ण दुनिया की खोज में किसी को छूटने नहीं देने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता से अब हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। 'टिकाऊ कृषि पद्धतियों में महिलाओं की भूमिका: अराकू कॉफी की असाधारण कहानी' नामक कार्यक्रम ने अराकू कॉफी की 'बीज से कप' तक की विकास यात्रा की कहानी के माध्यम से टिकाऊ कृषि पद्धतियों में महिलाओं की प्रभावशाली भूमिका पर प्रकाश डाला।

संयुक्त राष्ट्र उप महासचिव अमीना मोहम्मद ने कहा कि भारत में महिलाओं और टिकाऊ कृषि पद्धतियों के बीच संबंध उल्लेखनीय है। फ्रांसिस ने इस साल जनवरी में अपनी भारत यात्रा को याद करते हुए कहा कि उन्होंने 'नारी शक्ति' की परिवर्तनकारी शक्ति को प्रत्यक्ष रूप से देखा था। उन्होंने कहा, महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से की गई कई पहलों से मैं ऊर्जावान और प्रेरित हुआ, जिनमें महिला उद्यमियों की वित्त तक पहुंच सुनिश्चित करना और उनके लिए व्यवसाय, सामुदायिक सेवा और व्यक्तिगत जीवन में खुद को साबित करने के लिए एक सक्षम वातावरण तैयार करना शामिल है।

फ्रांसिस ने कहा कि यह आयोजन न केवल अराकू घाटी की आदिवासी महिलाओं का सम्मान करता है, बल्कि कॉफी की खेती के माध्यम से कृषि, आर्थिक और सामाजिक क्रांति को बढ़ावा देने में उनकी अग्रणी भूमिका को भी मान्यता देता है।

# खारिज करने के अधिकार के बिना नोटा औचित्यहीन : विशेषज्ञ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय के आदेश पर चुनाव के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में नोटा का विकल्प शामिल करने के 10 साल से अधिक समय के बाद भी इसका इस्तेमाल करने वालों की संख्या अब तक कम है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह (नोटा) 'दंतहीन शेर' की तरह है क्योंकि इसका असर नतीजों पर नहीं पड़ता। उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद नोटा (उपरोक्त में से कोई नहीं) बटन को सितंबर 2013 में ईवीएम में शामिल किया गया था। इसे दलों द्वारा दागी उम्मीदवारों को मैदान में उतारने से हतोत्साहित करने के लिए शामिल किया गया था। उच्चतम न्यायालय ने निर्वाचन आयोग को मतपत्रों/ईवीएम में आवश्यक प्रावधान करने का निर्देश दिया था ताकि मतदाता मैदान में किसी भी उम्मीदवार को वोट न देने का फैसला कर सकें।

सितंबर 2013 में उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद निर्वाचन आयोग ने अंतिम विकल्प के रूप में ईवीएम पर नोटा बटन जोड़ा। एक मतपत्र इकाई में 16 बटन होते हैं। शीर्ष अदालत के आदेश से पहले जो लोग किसी भी उम्मीदवार को वोट देने के इच्छुक नहीं होते थे उनके पास फॉर्म 49-ओ भरने का विकल्प था। लेकिन चुनाव संचालन नियम, 1961 के नियम 49-ओ के तहत मतदान केंद्र पर फॉर्म भरने से मतदाता की गोपनीयता भंग होती थी।

पिछले पांच वर्षों में राज्य विधानसभा चुनावों और लोकसभा चुनावों में संयुक्त रूप से नोटा को 1.29 करोड़ से अधिक वोट मिले हैं। इसके बावजूद आम और विधानसभा दोनों चुनावों में आपराधिक रिकॉर्ड वाले उम्मीदवारों की संख्या में वृद्धि हुई है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की एक रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले दशक में उन सांसदों का अनुपात बढ़ा है जिनके खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं।


लोकसभा की 543 सीट के लिए 2009 में हुए चुनाव के आंकड़ों का विश्लेषण करने के बाद एडीआर ने खुलासा किया कि जीत दर्ज करने वाले 543 सांसदों में से 162 (30 प्रतिशत) ने घोषित किया था कि उनके खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज थे जबकि 76 (14 प्रतिशत) के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज थे। एडीआर के मुताबिक 2019 में आपराधिक और गंभीर आपराधिक मामलों वाले सांसदों की हिस्सेदारी बढ़कर क्रमश: 43 प्रतिशत और 29 प्रतिशत हो गई।

एडीआर के प्रमुख मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) अनिल वर्मा ने बताया, जहां तक आपराधिकता का सवाल है तो नोटा से कोई फर्क नहीं पड़ा है।

# जयशंकर की जापान यात्रा ने द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

टोक्यो। विदेश मंत्री एस जयशंकर की जापान यात्रा के जरिये द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा करने और विशेष रणनीतिक साझेदारी को और आगे बढ़ाने के तरीकों का पता लगाने का मौका प्रदान किया। एक आधिकारिक बयान में शनिवार को यह जानकारी दी गई। जयशंकर तीन दिवसीय यात्रा पर जापान में थे। यात्रा के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा से मुलाकात की और उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं दीं। उन्होंने किशिदा को भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी में हाल के घटनाक्रम के बारे में भी जानकारी दी तथा रिश्ते को और मजबूत करने के लिए उनका मार्गदर्शन मांगा। जयशंकर ने सात मार्च को जापान की विदेश मंत्री योको कामिकावा के साथ 16वीं भारत-जापान रणनीतिक वार्ता की थी। इस बैठक में राजनीतिक आदान-प्रदान सहित भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी के व्यापक पहलुओं की समीक्षा की गई। व्यापार, निवेश, बुनियादी ढांचा और प्रौद्योगिकी सहयोग; विकासात्मक समन्वय; रक्षा और सुरक्षा सहयोग; साथ ही सांस्कृतिक और लोगों के आपसी संपर्क पर भी चर्चा हुई।



उनकी चर्चा संबंधित सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण, हरित प्रौद्योगिकियों, रक्षा उपकरण और प्रौद्योगिकी, डिजिटल भुगतान, आवाजाही व्यवस्था और भारत में जापानी भाषा को बढ़ावा देने के लिए सहयोग जैसे विषयों पर हुई। बातचीत में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में आपसी हित के क्षेत्रीय मुद्दों और प्रमुख वैश्विक घटनाक्रम पर भी चर्चा हुई। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, विदेश मंत्री की जापान यात्रा ने मौजूदा द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा करने और दोनों देशों के बीच विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी को और आगे बढ़ाने के तरीकों का पता लगाने का अवसर प्रदान किया। बयान में कहा गया है कि जयशंकर ने वरिष्ठ नेताओं से भी मुलाकात की।

# बाइडन की नेतन्याहू के प्रति नाराजगी बढ़ी, कहा दो टूक बातचीत की जरूरत

वाशिंगटन। इजराइल और हमास के बीच जारी संघर्ष को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन की इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से नाराजगी बढ़ती जा रही है और यह बात हाल में उनकी एक बातचीत से सामने आई। दरअसल डेमोक्रेटिक नेता ने एक सांसद से बातचीत में कहा कि उनके और इजराइली नेता के बीच अब दो टूक बातचीत होने की जरूरत है। इस बातचीत के दौरान वहां माइक चालू था और इस प्रकार उनकी बात सार्वजनिक हो गई। बाइडन ने बृहस्पतिवार रात को 'स्टेट ऑफ द यूनियन' संबोधन के बाद सदन में सीनेटर माइकल बेनेट से बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की। बेनेट ने बाइडन के संबोधन पर उन्हें बधाई दी और राष्ट्रपति से गाजा में बढ़ती मानवीय चिंताओं को लेकर नेतन्याहू पर दबाव बनाने का अनुरोध किया। विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और परिवहन मंत्री पेटे बटिगीज भी इस संक्षित वार्तालाप में शामिल रहे।

रैली



अनंतनाग में डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद शनिवार को अनंतनाग जिले में एक सार्वजनिक रैली में।



# फिल्म 'भूल भुलैया 3' की शूटिंग शुरू की

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन ने अपनी आने वाली फिल्म 'भूल भुलैया 3' की शूटिंग शुरू कर दी है। कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 2 ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया था। अनीस बज्मी के निर्देशन में बनी हॉरर कॉमेडी भूल भुलैया 2 लोगों को खूब पसंद आई थी। 'भूल भुलैया' के तीसरे पार्ट 'भूल भुलैया 3' में भी कार्तिक आर्यन की मुख्य भूमिका है।फिल्म 'भूल भुलैया 3' की शूटिंग शुरू हो गई है। कार्तिक आर्यन ने अपनी इस फिल्म की शूटिंग शुरू होने की जानकारी अपने सोशल मीडिया पर दी है। उन्होंने अपने घर में एक मंदिर के सामने प्रार्थना करते हुए फिल्म की शुभ शुरुआत के लिए आशीर्वाद मांगते हुए अपनी एक फोटो शेयर की।

कार्तिक आर्यन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में कार्तिक आर्यन भगवान के आगे हाथ जोड़कर खड़े हुए हैं। इसके साथ ही कार्तिक आर्यन ने बताया है कि उनकी फिल्म 'भूल भुलैया 3' की शूटिंग शुरू हो गई है। कार्तिक आर्यन ने इसके साथ लिखा है, आज मेरे करियर की सबसे बड़ी फिल्म शुरू हो रही है। कार्तिक आर्यन ने हैशटैग के साथ शुभारंभ और भूल भुलैया 3 लिखा है। अनीस बज्मी के निर्देशन में बन रही भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन के अलावा तृप्ति डिमरी और विद्या बालन की भी अहम भूमिका है।

# 'ओडेला 2' से तमन्ना भाटिया का लुक रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड अभिनेत्री तमन्ना भाटिया की आने वाली तेलुगु फिल्म ओडेला 2 से तमन्ना का उनका लुक रिलीज कर दिया गया है। तमन्ना भाटिया इन दिनों फिल्म ओडेला 2 की शूटिंग कर रही हैं। इस बीच ओडेला 2 से तमन्ना भाटिया का पहला लुक रिलीज कर दिया गया है। महाशिवरात्रि के मौके पर तमन्ना भाटिया ने सोशल मीडिया पर फिल्म 'ओडेला 2' से अपना पहला लुक शेयर किया है। पोस्टर में तमन्ना भगवान शिव की भक्ति में लीन दिखाई दे रही हैं। पोस्टर में देखा जा सकता है कि तमन्ना ने एक हाथ में डमरू लिया है, माथे पर चंदन लगाया है और एक हाथ में लाल-



पीली मौली से रंगी लकड़ी पकड़ी है।

पोस्टर शेयर करते हुए तमन्ना भाटिया ने कैप्शन में लिखा है, ओडेला 2 का पहला लुक। मुझे महाशिवरात्रि के इस शुभ दिन पर पहली झलक का खुलासा करते हुए खुशी हो रही है। हर हर महादेव। हैप्पी महा शिवरात्रि। 'ओडेला 2' में तमन्ना भाटिया भैरवी का किरदार निभाती नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन अशोक तेज कर रहे हैं।

# 'सनकी' में पूजा हेगड़े के साथ दिखेंगे अहान शेट्टी

मुंबई/एजेन्सी


बॉलीवुड स्टार सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी फिल्म 'सनकी' में पूजा हेगड़े के साथ रोमांस करते दिखेंगे। फिल्म को साजिद नाडियाडवाला प्रोड्यूस कर रहे हैं। नाडियाडवाला ग्रैंडसन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर फिल्म 'सनकी' की घोषणा की और स्टारकास्ट को दिखाया।

उन्होंने कहा, 'वैलेंटाइन डे (14 फरवरी 2025) पर फिल्म 'सनकी' रिलीज होगी। साजिद नाडियाडवाला की फिल्म 'सनकी' में अहान शेट्टी पहली बार पूजा हेगड़े के साथ स्क्रीन साझा करते नजर आएंगे। रजत अरोरा द्वारा लिखित इस फिल्म को अदनान ए. शेख और यासिर जाह निर्देशित करेंगे।' बॉलीवुड स्टार सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी ने एक्शन रोमांस फिल्म



'तड़प' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। यह फिल्म साल 2021 में रिलीज हुई थी। फिल्म में तारा सुतारिया ने मुख्य भूमिका निभाई थी।

इसका निर्देशन मिलन लूथरिया ने किया था और साजिद नाडियाडवाला ने प्रोड्यूस की थी। वहीं, एक्ट्रेस पूजा हेगड़े हिंदी, तेलुगु और तमिल सिनेमा में अपने काम के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने 'साक्ष्यम', 'हाउसफुल 4', 'अला वैकुंठपुरमलो', 'बीस्ट', 'आचार्य', 'सर्कस' और हाल ही में 'किसी का भाई किसी की जान' जैसी फिल्में की हैं।



# मडगांव एक्सप्रेस का पहला गाना 'बेबी ब्रिंग इट ऑन' रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड अभिनेता कुणाल खेमू के निर्देशन में बनी फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' का पहला गाना 'बेबी ब्रिंग इट ऑन' रिलीज हो गया है। कुणाल खेमू फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' के साथ निर्देशन के क्षेत्र में डेब्यू करने जा रहे हैं। इस फिल्म में दिव्येंदु शर्मा, प्रतीक गांधी और अविनाश तिवारी की मुख्य भूमिका है।फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' का पहला गाना 'बेबी ब्रिंग इट ऑन' रिलीज हो गया है,जिसे अजय गोगावले और निखिता गांधी ने मिलकर गाया है।'बेबी ब्रिंग इट ऑन' के बोल कुमार ने लिखे हैं। नोरा फतेही 'बेबी ब्रिंग इट ऑन' गाने में जबरदस्त डांस करती नजर आ रही हैं।

मडगांव एक्सप्रेस की कहानी तीन ऐसे दोस्तों की है, जो बचपन से ही गोवा जाने का सपना संजोए हैं। तीनों का यह सपना पूरा भी हो जाता है। वो जैसे-तैसे गोवा पहुंच जाते हैं। लेकिन वहां नोरा फतेही और उनके साथ छाया कदम और उपेंद्र लिमये मिलते हैं, जो उनकी इस यात्रा को और रोमांचक बना देते हैं। रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर के प्रोडक्शन हाउस में बनी 'मडगांव एक्सप्रेस' एक कॉमेडी फिल्म है, जो तीन दोस्तों के एक अतरंगी रोड ट्रिप पर आधारित होगी।

फिल्म में तीन बचपन के दोस्त गोवा की यात्रा पर निकलते हैं, बीच रास्ते में उनके साथ क्या-क्या गुजरती है इसे हलकी-फुलकी कॉमेडी के रूप में इस फिल्म में पेश किया गया है। 'मडगांव एक्सप्रेस' 22 मार्च, 2024 को रिलीज होगी।

# धनुष की अगली फिल्म 'कुबेर', जारी हुई पहली झलक

मुंबई/एजेन्सी

धनुष, नागार्जुन, रश्मिका मंदाना और जिम सर्भ के साथ राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक शेखर कम्मुला की आगामी फिल्म का नाम अब कुबेर रखा गया है। फिल्म निर्माताओं ने महा शिवरात्रि पर फिल्म का शीर्षक और फिल्म से धनुष का पहला लुक जारी किया।

धनुष का फर्स्ट लुक जबकि धनुष ने एक्स पर पोस्टर और वीडियो साझा किया, नागार्जुन ने लिखा कि वह 'आगे की यात्रा के लिए उत्साहित' थे। रश्मिका ने लिखा, पहला लुक है (दिल की आंखें और आग इमोजी) मुझे यह पसंद है! मैं इसके लिए बहुत उत्साहित हूँ!! कुबेर और इसके फर्स्ट लुक पोस्टर में भगवान शिव और पार्वती हैं..आशीर्वाद के साथ शुरुआत और इससे अधिक की उम्मीद नहीं की जा सकती थी! कुबेर को सबसे अमीर देवता के रूप में जाना जाता है और शेखर की तुलना धनुष से की जाती है, जिसके चेहरे पर मुस्कान है, लेकिन वह मैला दिखता है, लंबे बाल और दाढ़ी के साथ, फटे हुए कपड़े पहने हुए है। उनके पीछे की दीवार पर भगवान शिव की देवी अन्नपूर्णा



से भिक्षा लेते हुए एक तस्वीर लगी हुई है। निर्माताओं ने एक मोशन पोस्टर जारी किया है जिसमें देवी श्री प्रसाद का संगीत है।

कुबेर को सोनाली नारंग द्वारा प्रस्तुत किया गया है और सुनील नारंग और पुस्कुर राम मोहन राव द्वारा उनके बैनर श्री वेंकटेश्वर सिनेमाज एलएलपी, एशियन ग्रुप की एक इकाई, एमिगोस क्रिएशन्स प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से निर्मित किया गया है। निर्माता नागार्जुन, रश्मिका और जिम के लिए चरित्र लुक जारी करेंगे। बाद की तारीखों में. निकेथ बोम्मी फिल्म के छायाकार हैं जबकि रामकृष्ण सब्बानी और मोनिका निगोत्रे प्रोडक्शन डिजाइनर हैं। चैतन्य पिंगली को सह-लेखक के रूप में श्रेय दिया गया है। यह फिल्म धनुष और जिम दोनों की तेलुगु सिनेमा में पहली फिल्म है। यह फिल्म जनवरी में लॉन्च हुई थी और यह तमिल, कन्नड़, मलयालम और हिंदी में भी रिलीज होगी।

शेखर की पिछली फिल्में फिदा और लव स्टोरी जबरदस्त हिट रही थीं, इसलिए इस फिल्म से काफी उम्मीदें हैं। धनुष को आखिरी बार कैप्टन मिलर में देखा गया था, जिसमें प्रियंका मोहन, शिव राजकुमार और संदीप किशन भी थे। वह रायन के साथ निर्देशन में भी वापसी कर रहे हैं, जिसमें उनके अलावा संदीप, कालिदास जयराम, निथ्या मेनन, एसजे सूर्या और वरलक्ष्मी सरथकुमार हैं। आखिरी बार संदीप रेड्डी वांगा की एनिमल में नजर आईं रश्मिका जल्द ही सुकुमार की पुष्पा: द रूल में श्रीवल्ली की अपनी भूमिका को दोहराने के अलावा, रेनबो, तेलुगु में द गर्लफ्रेंड और हिंदी में चावा में दिखाई देंगी।

RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

शहर के मित्र मंडल के तत्वावधान में शुक्रवार को ओकलीपुरम स्थित माहेश्वरी भवन में श्री महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें रात्रि 8 बजे से प्रभु प्रसाद ठंडाई व भजन कीर्तन का आयोजन किया।





# श्याम मंदिर में विधि विधान से हुई निशान पूजन

## 14 मार्च को खाटू के श्याम मंदिर में अर्पण किए जाएंगे निशान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के बन्नरघट्टा रोड स्थित श्याम मंदिर ट्रस्ट के श्याम मंदिर में शनिवार को रजत व कपड़े के निशानों पूजा की गई। ज्ञातव्य है कि फाल्गुन माह में खाटू श्याम मंदिर में बाबा का लक्खी मेले के आयोजन किया जाता है जिसमें पूरे विश्व से लाखों लोग बाबा को निशान अर्पण करते हैं उसी श्रृंखला में 13 मार्च को बेंगलूरु से भी 101 भक्तों का जत्था हवाईमार्ग से जयपुर जाएगा तथा 14 मार्च को रिंगस से खाटू धाम तक पैदल यात्रा कर बाबा के मंदिर में निशान अर्पण करेंगे। उन्हीं निशानों की विधिवत पूजा शनिवार को श्याम मंदिर में की गई। इस मौके पर महेश गुप्ता, किशोरीलाल मोहता, रेवन्तमल झँवर, सुशील राणासरिया, ऋषि गुप्ता ने मंदिर में विधि विधान से निशान पूजा की। रेवन्तमल झँवर ने बताया कि गत 19 वर्षों से लगातार इस निशान यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। निशान पूजा के बाद श्याम भक्तों ने बाबा को मधुर भजनों से रिझाया जिसमें बड़ी संख्या में श्याम भक्त उपस्थित रहे। मंदिर में बाबा का विशेष श्रृंगार भी किया गया।





# मित्र मंडल के महाशिवरात्रि महोत्सव में बही शिवभक्ति की रसधार

## माहेश्वरी भवन में गूंजे बाबा भोलेनाथ के जयकारे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के मित्र मंडल के तत्वावधान में शुक्रवार को ओकलीपुरम स्थित माहेश्वरी भवन में श्री महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें रात्रि 8 बजे से प्रभु प्रसाद ठंडाई व भजन कीर्तन का आयोजन किया। मंडल ने भगवान शिव पार्वती की बहुत ही मनोरम झांकी सजाई तथा शिव अभिषेक का आयोजन किया। महोत्सव में शहर के जाने माने गायक कलाकार निरंजन सारड़ा व हरिकिशन सारड़ा सहित अनेक भक्तों ने अनेक मधुर भजनों की प्रस्तुति दी। सारड़ा बंधु ने शिव भक्ति के गुणगान करते हुए एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। पूरे सभागार में ओम नम: शिवाय, हर हर महादेव के जयकारें गूंजते रहे। माहेश्वरी भवन में रात 11 बजे तक शिव भक्ति की रसधार बहती रही। भजनों के बादबाबा भोलेनाथ की महाआरती की गई तथा प्रसाद के रूप में फलाहार का वितरण किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिव भक्त शामिल हुए।



# महिला दिवस पर महिलाओं को किया पर्यावरण के प्रति जागरुक, भेंट की साड़ियां

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय विजय संभव फाउंडेशन ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर चोरसिया मैनर पर हाउसकीपिंग स्टॉफ, महिला कुक, बेबीसिटर्स, काम वाली महिलाओं को उनके योगदान को सहारते हुए उन्हें पर्यावरण के प्रति जागरुक करते हुए 'नो प्लास्टिक बैग, यूज क्लाथ बैग' अभियान की जानकारी दी तथा उपस्थित सभी 50 महिलाओं को कपड़े के बैग वितरित किए तथा उपहार स्वरुप साड़ियां भेंट की गई। इस मौके पर फाउंडेशन की निदेशिका चिंतामणि रंजन ने 'नो यूज टू प्लास्टिक' अभियान की जानकारी दी। फाउंडेशन की कानूनी सलाहकार सोनल कीर्ति ने इन गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाली महिलाओं को कार्पोरेट जगत का स्तंभ बताया। दीपा गणेश द्वारा सेव वाटर फॉर टुमारो और रजनी कावेरी द्वारा वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर होने के लिए महिलाओं को प्रोत्साहित किया। इस मौके पर फाउंडेशन के चेयरमैन रवि राजहंस, जितेंद्रकुमार, विजयशंकर गुप्ता, रिंकू रमन, डॉ प्रणय आदि सदस्य उपस्थित थे।

महाशिवरात्रि
दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के वीरेश्वर देवस्थान ट्रस्ट बापूजीनगर द्वारा महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान महादेव की विशेष पूजा अर्चना की गई और प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्योत्सव का भी आयोजन हुआ जिसमें मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने बाल कलाकारों को पुरस्कृत किया। इस मौके पर मुणोत ने कहा कि शिव सर्वकल्याणकारी है। शिव सदैव अंतर्मुखी हैं लेकिन वे हमेशा अपने भक्तों व दुनिया के कल्याण के लिए सदैव तत्पर रहते हैं।



# इलेक्ट्रानिक्स मतदान से खंडेलवाल दिगम्बर समाज की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के विल्सन गार्डन के खंडेलवाल दिगम्बर जैन समाज की वर्ष 2024-27 के लिए नई कार्यकारिणी समिति का गठन पहली बार इलेक्ट्रॉनिक तकनीक मतदान द्वारा हुआ जिसमें मुख्य चुनाव अधिकारी अनिलकुमार ठोल्या, धीरज चंदूवाड़, राकेश पहाड़ियां,अर्पित काला ने चुनाव प्रकिया को सम्पन्न कराने की अहम भूमिका निभाई। चुनाव में समाज के युवक-युवती, पुरुष-महिलाओं ने 44 प्रत्याशियों को मतदान किया। इस चुनाव में अध्यक्ष पद का निर्विरोध चयन हुआ तथा मतदान द्वारा मुख्य सचिव, कोषाध्यक्ष व 18 कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया गया।



### संत दर्शन

बेंगलूरु की कामधेनू गौशाला की शारदा चौधरी व मधु तातेड़ ने होसकोटे से मुलबागल की ओर विहाररत साध्वीश्री डॉ प्रतिभाश्री, ऋषिताश्री, अनुज्ञाश्री, सर्वज्ञाश्री, प्रियांगीश्री आदि के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।



# तेरापंथ महिला मंडल गांधीनगर ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

## कार्यक्रम में विशेष महिलाओं का किया सम्मान, प्रस्तुत किया नुक्कड़ नाटक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय तेरापंथ महिला मंडल गांधीनगर के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। अध्यक्ष रिजु डूंगरवाल ने सभी का स्वागत करते हुए महिला दिवस की शुभकामनाएं दी। मंत्री ज्योति संचेती ने महिला दिवस की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पहले नारी अपने कार्यों से पहचानी जाती थी, लोग उनका सम्मान करते थे। हमें महिला दिवस की आवश्यकता है ताकि भीतर जो सोई हुई शक्तियां है जिससे हमारी पहचान थी, उसे जागृत करें और समाज में मुकाम हासिल करें।

कैरियर मंत्रा की संस्थापिका मीनाक्षी जैन ने कहा कि नारी लक्ष्य का भंडार है, जीवन का आधार है नारी। प्रशासनिक क्षेत्र से कविता पोरवाल ने अपने अनुभव साझा किए तथा बताया कि किस प्रकार संघर्ष करते हुए उन्होंने अपने जीवन में सफलता पाई है। इस मौके पर नेशनल अवॉर्ड फॉर लाइफटाइम अचिवमेंट फॉर टीचिंग रिसर्च एंड पब्लिकेशन विजेता प्रोफेसर डॉक्टर अंजना गोपी को प्रेरणा सम्मान से सम्मानित किया। डॉक्टर अंजना का परिचय पिंकी खाबिया ने दिया और प्रेरणा सम्मान का वाचन उपाध्यक्ष लता गादिया ने किया। डॉक्टर अंजना ने कहा कि महिलाएं अपने संकल्प बल को मजबूत करते हुए दोनों क्षेत्रों में पारिवारिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपनी अमिट छाप छोड़ रही है। उन्होंने अपनी सफलता की कहानी बताई। कार्यक्रम में स्कूलों में प्रशिक्षण देने वाली राजुल धोका, ललिता कोठारी, कविता कोठारी, वर्षा आंचलिया, दिव्या जैन, कविता पोरवाल, रीना चोरडिया आदि अध्यापकों का सम्मान किया गया। इसके अलावा तत्वज्ञान के पाठ्यक्रम में अखिल भारतीय के स्तर में प्रथम रैंक प्राप्त करने वाली समता रांका, चतुर्थ रैंक प्राप्त करने वाली भारती गादिया तथा फर्स्ट डिवीजन में उत्तीर्ण हुई संगीता सिसोदिया का सम्मान किया। इस मौके पर आचार्य श्री महाश्रमणजी के दीक्षा स्वर्ण जयंती एवं दीक्षा कल्याणक महोत्सव में काव्य रचना में विजेता रही संतोष सोलकी, शांति सकलेचा व नीतू जैन का सम्मान किया गया। महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला मंडल ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण सप्ताह के दौरान रोशनलाल दिनेशकुमार पोकरणा के सौजन्य से आयोजित नुक्कड़ नाटिका की प्रस्तुति दी। इस मौके पर राजेंद्र-सुनीता गांधी परिवार का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में तेरापंथ ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रकाश बाबेल, मंत्री गौतम डोसी, तेयुप के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप चोपड़ा एवं मंत्री रोहित कोठारी ने महिलाओं को महिला दिवस की शुभकामनाएं दी। आयोजन में मंडल की कोषाध्यक्ष किरण गिलुंडिया,सहमंत्री वीना पोरवाल, प्रमिला धोका, संगठन मंत्री पवनबाई संचेती सहित 139 सदस्याएं उपस्थित थीं। कार्यक्रम का संचालन संयोजिका शांति सकलेचा एवं संतोष सोलंकी ने किया। प्रचार प्रसार मंत्री संगीता आंचलिया ने धन्यवाद दिया।



# 'त्याग एवं दया की प्रतिमूर्ति हैं भगवान शिव'

बेंगलूरु/दक्षिण भारत । शहर के गांधीनगर स्थित सिंधी पंचायत धर्मशाला में चल रही शिवमहापुराण कथा में व्यासपीठ से कथावाचक बालशुक पुण्डरीकजी ने चतुर्थ दिवस पर उमापति महादेव के कंचन भवन निर्माण एवं प्रवेश पूजन की कथा का वर्णन करते हुए बताया कि जहाँ शिवभक्त रावण ने भवन प्रवेश पूजन करा कर दक्षिणा में वही भवन माँगने पर भगवान शिव ने उन्हें वह भवन दक्षिणा में दे दिया जो कि महादेव के अनुपम त्याग के स्वभाव को दर्शाता हैं। बालव्यासजी ने कहा रावण ज्ञानी एवं विद्वान होते हुए भी पूजनीय नहीं था क्योंकि समाज में सदैव चरित्रवान व्यक्ति की पूजा एवं प्रतिष्ठा होती है अतः देश के चरित्रवान लोगों का ही रामराज की कल्पना करना सार्थक है। रविवार को कथा का विश्राम दिवस है, आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं को कथा के आखिरी दिन शामिल होने का निवेदन किया है।

# भाषा साहित्य मंच की महाशिवरात्रि एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर गोष्ठी सम्पन्न

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। स्थानीय भाषा साहित्य मंच की मार्च माह की गोष्ठी महाशिवरात्रि एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आधारित थी। इस ऑनलाइन गोष्ठी में देश विदेश से सदस्य जुड़े। संस्थापिका अध्यक्ष डॉ उषा श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलन करते हुए सभी को महाशिवरात्रि एवं महिला दिवस की शुभकामनाएं दी। गोष्ठी का संचालन मनीषा शर्मा एवं सरिता श्रीवास्तव ने किया। गोष्ठी में सहभागी सदस्य डॉ. सीमा, शोभा सतीश पाठक, डॉ.उषा श्रीवास्तव, डॉ वत्सला किरण, संतोष भाऊवाल, ममता सिंह राठौड़, जागृति शंकर, सुदेश वत्स, गीता चौबे, सुषमा सुनील कुलश्रेष्ठ, शकुंतला श्रीवास्तव , प्रवीणा कुलश्रेष्ठ, ऋता शेखर,



प्रीति राही, स्वीटी सिंघल, मनीषा शर्मा, रीना दयाल, सरिता श्रीवास्तव ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। डॉ उषा श्रीवास्तव ने धन्यवाद दिया।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

गीत

# कर आये अपना पिंडदान

काशी में कर आये हैं हम अपना पिंडदान,
ताकि मरने के बाद भी बना रहे स्वाभिमान।

धन-दौलत, रिश्ते-नाते हैं सब ख्वाब सुनहरे,
ज़रूरत पर बन जाते हैं सारे गूँगे-बहरे।
पिये खून के घूँट मगर मांगे नहीं अनुदान,
ताकि मरने के बाद भी....

सो रहे हैं फुटपाथ पर महल बनाने वाले,
उलझ रहे हैं काँटों से फूल उगाने वाले।
जग में अच्छे कर्मों का होता नहीं गुणगान,
ताकि मरने के बाद भी....

लूटा करते हैं घर को उसी के चौकीदार,
बनी हुई हैं हर दिल में आज अनेक दीवार्।
घूमा करता है आँखों में हर पल मुक्तिधाम,
ताकि मरने के बाद भी....

आ ही जाती है अक्सर बातों में कड़ुवाहट,
ठंडी पड़ने लगती है रिश्तों की गरमाहट्।
बदनामी रह जाती है टिकता नहीं अभिमान,
ताकि मरने के बाद भी....

खुदवाकर हम जाएंगे एक दिन अपनी कब्र,
तब तक खुदा के वास्ते रखना रकीबों स्ब्र।
रस्म निभाने की ख़ातिर करना नहीं सम्मान,
ताकि मरने के बाद भी....

सबको कड़वी लगती हैं आज फ़र्ज की बातें,
हर मौके पर होती है सिर्फ़ कर्ज की बातें्।
जाने कैसे निकलेगा इस दुख का समाधान,
ताकि मरने के बाद भी....

माणिक विश्वकर्मा 'नवरंग'
मो.9424141875

# महाशिवरात्रि में सिद्धेश्वर तीर्थ तिरुपति में लगा श्रद्धालुओं का तांता

## जम्मू एण्ड कश्मीर के ले.गवर्नर मनोज सिन्हा हुए शामिल

तिरुपति/दक्षिण भारत। शहर के सिद्धेश्वर तीर्थ धाम के ब्रह्मेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव की जल, दूध, विल्व पत्र आदि से अभिषेक व पूजन की गई। पूजा-अर्चना के संयोजक अतुल सुरेखा ने बताया कि महाशिवरात्रि में प्रात:काल पंडित श्रीनिवास श्रीमाली के नेतृत्व में कालसर्प दोष निवारण पूजा सम्पन्न हुई। चेयरमैन राजकुमार सिपानी एवं संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश सांखला ने बताया कि शाम को शिवरात्रि में होने वाली चार प्रहर की पूजा सम्पन्न हुई जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। युवा चेयरमैन महेन्द्र दफतरी ने बताया कि शिवरात्रि में प्रात: भगवान शिव का पंचामृत के साथ रूद्राभिषेक किया गया। राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष संगीता केजरीवाल ने बताया कि शिवरात्रि के मौके पर जम्मू एण्ड कश्मीर के ले. गवर्नर मनोज सिन्हा, न्यायाधिपति, चेयरमैन एनसीएलएटी अशोक भूषण, पूर्व केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन, टीटीडी के चेयरमैन करूणाकर रेड्डी, नीतिश अग्रवाल, लोकसभा सदस्य तिरुपति गुरुमूर्ति सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। ग्लोबल चेयरपर्सन सरला बोथरा ने बताया कि इस अवसर पर भक्तों ने 'सिद्धगुरु' श्री सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि गुरुदेव के दर्शन प्राप्त हुए।



महाशिवरात्रि के मौके पर संतश्री ने कहा कि आज भगवान शंकर के विवाह का शुभ दिन है, आज आप जो भी भगवान से मांगोगें वह अवश्य आपको मिलेगा। भक्त अपनी पात्रता को बनायें, भगवान तो सदैव उसे देने को तैयार रहते है। व्यक्ति अपनी श्रद्धा,समर्पण व भक्ति के साथ कर्म क्षेत्र को सुन्दर बना लेता है तो उसे मनवांछित फल की प्राप्ति भी होती है। गुरुदेव ने कहा कि गुरु अपने शिष्य को जीवनरूपी भवसागर से पार उतारकर उसका तरण कराकर परमात्मा से मिलाता है। गुरु कोई शरीर नहीं है, शरीर तो सभी का हड्डी मांस का बना है। राष्ट्रीय महिला चेयरपर्सन इंदु राठौड़ ने सभी को शिवरात्रि की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन ग्लोबल चेयरमैन नवीनगिड़िया ने किया।

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com